खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :38° C न्यूनतम : 25° C

सेंसेक्स 82,330.59 25,019.80

सोना 95,780 चांदी 97,000

हल्द्वानी, रविवार 18 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 267 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



COLUMBUS PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR
GLORIA IN EXCELSIS
Estd. 1997

# Columbus Public School

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

## CPS Family congratulates its CBSE SSE/SSCE 2025 students for their meritorious performance.

### SSE 2025 (Class X)

99% Pratishtha Pandey | 98% Khushbu Arya | 97.8% Anushka Garkoti | 97% Aditi Bhatt | 97% Fardeen Ali | 96.2% Akshat Ojha | 95.8% Arnima Sharma

95.6% Nakul Bhardwaj | 95.4% Ayush Verma | 93.6% Mohd Bilal | 91.8% Aakrit Shah | 91.6% Aanya Rastogi | 91% Jagjeet Singh | 90.6% Lakshit Kandpal | 90.4% Bhavini Gupta

**Other Top Performers**

Ankit Kumar Chauhan 89.6% | Divya Chandola 89.4% | Suryanshi Singh 89.4% | Seher Angel Singh 89.2% | Ananya Rai 89.2% | Mohit Chandra Joshi 89.2% | Rudransh Bisht 89.2% | Manika Agarwal 89% | Pratyansh Dogra 87.6% | Vishesh Mishra 86.8% | Abhinav Gupta 86.6% | Vaishnavi 86.4% | Somay Khurana 86% | Shruti Chaudhary 85.8% | Sonaal Behl 85.4% | Anya Gupta 84.8% | Priyansh Dixit 84.4% | Afra Farooqui 83.6% | Sukhwinder Singh 83.4% | Aditi Gangwar 82.6% | Tushar Rishi 82.4% | Sumit Singh Karayat 82.4% | Chetna Arya 82.2% | Raja Hasan 82% | Naman 81.8% | Siddhi Nirwal 81.8% | Pranshika Singh 81.6% | Abhay Singh Sherawat 81% | Vanshika 80.8% | Atishubh Goel 80.6% | Kavyansh Brijwal 80% | Shagun 80%

**Subjectwise Top Scorers**

English (98): Khushbu Arya, Akshat Ojha | Hindi (99): Pratishtha Pandey, Anushka Garkoti
Social Sc. (98): Anushka Garkoti, Ayush Verma | Science (100): Aditi Bhatt | Maths (100): Pratishtha Pandey
I.T. (100): Pratishtha Pandey, Khushbu Arya, Anushka Garkoti, Aditi Bhatt, Fardeen Ali, Nakul Bhardwaj

- Class Aggregate: 80.40%
- 15 students secured more than 90%
- 32 students secured between 80% to 89%
- Total 59/76 students secured distinction percentage
- High Subject Aggregates: English: 82.14%, Hindi 83.3%, I.T. 88.55%

*Aggregate percentage calculated as per Annexure II - 'Scheme of Studies at Secondary Level (Classes IX-X)' of Circular No. Skill-01/2023 of CBSE/Dir/SE/2023

### SSCE 2025 (Class XII)

Commerce 98.6% Gauri Gagneja | Humanities 98.2% Kanishka Maurya | Commerce 97.4% Mahera Khanam | Commerce 94.2% Pranjali Mishra | Science 94% Mahak Arya | Science 93.8% Sachin Singh

Commerce 93.8% Gurman Singh | Humanities 93.6% Priyanka Pawar | Commerce 93.6% Diya Tiwari | Commerce 93.2% Renu Prajapati | Commerce 92.6% Yash Anand | Humanities 91.4% Naman Singh

**Other Top Performers**

Kushagra Bhardwaj 89.6% | Ayush Chandola 88.6% | Bhumi Biswas 88% | Khushi Dhariwal 87.8% | Harshita Joshi 87.6% | Anurag Arora 87.4% | Rashi Kapoor 86.8% | Sukhdeep Kaur 86.8% | Nitin Gupta 86.4% | Parisha Sirohi 85.4% | Abhishree 84.2% | Tanvi Rajput 83% | Abhi Kumar 82.8% | Misba Ansari 82.8% | Akvinder Kaur Dhariwal 81.4% | Vaibhav Mishra 81.4% | Bandini 80.6% | Sambhav Arora 80.4% | Krish Singh 80.2%

**Subjectwise Top Scorers**

Actts. (99): Gauri Gagneja | Maths (99): Gauri Gagneja | Hindi (95): Bhumi Biswas, Rashi Kapoor | P.Ed. (98): Diya Tiwari
B.std. (100): Gauri Gagneja | Comp. (100): Mahak Arya, Vaibhav Mishra | Eco. (98): Mahera Khanam | Phy. (89): Sachin Singh
History (99): Kanishka Maurya | Pol. Sc. (100): Kanishka Maurya | Chemistry (92): Sachin Singh | Bio. (100): Mahak Arya
English (98): Gauri Gagneja, Mahera Khanam, Pranjali Mishra, Shifa Angel Singh | Psychology (100): Kanishka Maurya

- High Class Aggregate: Arts Stream: 80.0% Commerce Stream: 81.79%
- High Subject Aggregates: English: 87.2%, Hindi: 83.43%, Political Sc.: 80.17%, Psychology: 88.14% Biology: 82.83%, Computer Sc.: 94.0%, Physical Ed.: 87.05%, Business Std.: 80.44%

## Admissions Open For Class 11 (Arts, Science & Commerce)

(Merit based Fee Waiver for Students with more than 90% marks)

99279 27999 | 9927963999 | www.cps.edu.in

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के दबाव में नहीं किया पाक के खिलाफ मतदान: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की बैठक में पाकिस्तान को ऋण देने से संबंधित प्रस्ताव पर अमेरिकी दबाव में आकर मतदान से अनुपस्थित रहा जबकि उसे इसका विरोध करते हुए 'नहीं' के पक्ष में वोट करना चाहिए था। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अब पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर से अधिक के ऋण को मंजूरी देने के लिए आईएमएफ की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पता चला है कि केवल भारत ने ही 9 मई को इस प्रस्ताव से संबंधित मतदान में भाग नहीं लिया और बाद में मोदी सरकार के समर्थकों ने तर्क दिया कि भारत के पास यही एकमात्र विकल्प उपलब्ध था। उन्होंने कहा कि यह गलत दावा है, क्योंकि कार्यकारी बोर्ड में वास्तव में 'नहीं' वोट करने का प्रावधान है। रूस ने सितंबर 2016 में यूक्रेन को ऋण प्रस्ताव पर 'नहीं' वोट दिया था और भारत ने खुद 11 सितंबर 2005 को जिम्बाब्वे के निष्कासन के मुद्दे पर 'नहीं' वोट दिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी सरकार ने देश से की गद्दारी: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। आप के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्री के बयान से साफ हो गया है कि मोदी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी की है। विदेश मंत्री खुद कह रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले ही पाकिस्तान को बता दिया था। यह बेहद गम्भीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सामने आकर बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने भारत और भारतीय सेना के साथ गद्दारी क्यों की? उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री को लेकर इस समय जो खबर सामने आई है, उसने पूरे देश को स्तब्ध, हैरान और व्यथित कर दिया है। यह भारत माता और भारतीय सेना के साथ गद्दारी है, जो मोदी सरकार ने की है। आप नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने से पहले ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया कि आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने जा रहे हैं?

### हमारी लड़ाई पाक और वहां की जनता से नहीं: भूपेन्द्र चौधरी

**आजमगढ़।** यूपी के आजमगढ़ पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने जिले में भारतीय सेना के सम्मान में पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा कुंवर सिंह उद्यान से शुरू होकर गांधी तिराहा, रैदोपुर तिराहा, कलेक्ट्रेट तिराहा, दीनदयाल तिराहा, अग्रसेन तिराहा होते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी लड़ाई पाकिस्तान और वहां की जनता से नहीं है।

# भारत विरोधी देशों की आर्थिकी सशक्त न बनाएं: धनखड़

**नई दिल्ली, वार्ता**



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों से संकट के समय भारत के खिलाफ खड़े होने तथा भारत के हितों के विरुद्ध काम करने वाले देशों की यात्रा करने और उनसे सामान आयात करने से बचने को कहा है।

धनखड़ ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्या हम उन देशों को सशक्त बना सकते हैं, जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं? समय आ गया है, जब हममें से प्रत्एक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए। हम उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यात्रा या आयात के माध्यम से खर्च नहीं कर सकते जो संकट के समय हमारे देश के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्एक व्यक्ति को राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने का अधिकार है। हर व्यक्ति व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें हमेशा एक बात ध्यान में रखनी चाहिए और वह है राष्ट्र पहले। हर चीज को गहरी प्रतिबद्धता, अटूट प्रतिबद्धता, राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण के आधार पर माना जाना चाहिए। और यह मानसिकता हमें अपने बच्चों को पहले दिन से ही सिखानी चाहिए।

# यूपी पुलिस में फिर 48 एएसपी किए इधर से उधर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- विशाल पांडेय होंगे मुजफ्फरनगर के एएसपी क्राइम
- राजेश कुमार श्रीवास्तव संभल उत्तरी के एएसपी
- चित्रकूट से चक्रपाणि त्रिपाठी का अयोध्या ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। इस बार एडिशनल एसपी रैंक के 48 पीपीएस अफसरों को इधर से उधर किया गया है। बड़ी बात यह कि रेप के आरोप में निलंबित एडिशनल एसपी राहुल श्रीवास्तव को एक बार फिर से डीजीपी के पीआरओ बनाया गया है। वह दो बार पहले भी डीजीपी रहे जावीद अहमद और ओम प्रकाश सिंह के पीआरओ रह चुके हैं। अपने रिटायरमेंट से ठीक पहले डीजीपी प्रशांत कुमार ने उन्हें तीसरी बार अपना पीआरओ बनाया है। उनकी इस तैनाती से महकमें में चर्चा तेज हो गई है।

उधर, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सुबोध कुमार श्रीवास्तव को 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ भेजा गया है। वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात ममता रानी चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात मनीषा सिंह को नोएडा कमिश्नरेट भेजा गया है। इसी तरह फिरोजाबाद में एएसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया को अमरोहा भेजा गया है। अमरोहा में तैनात राजीव कुमार सिंह द्वितीय को मथुरा का एएसपी सिटी बनाया गया है। बरेली में एएसपी एलआईयू प्रभात कुमार प्रथम को पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है। झांसी के एएसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी को बरेली एलआईयू भेजा गया है। मथुरा के एएसपी सिटी डा. अरविंद कुमार को झांसी का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात राज.ेश कुमार श्रीवास्तव को संभल का एएसपी उत्तरी बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय में तैनात रंजन सिंह को वाराणसी कमिश्नरेट, आगरा कमिश्नरेट में तैनात डा. राजीव कुमार सिंह को मेरठ का एएसपी एलआईयू, प्रतीक्षारत चल रहे राम अर्ज को अयोध्या का एएसपी एलआईयू बनाया गया है। सीतापुर में तैनात डा. प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। प्रतापगढ़ में एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह को सीतापुर में एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। आजमगढ़ के एएसपी सिटी शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ का एएसपी पूर्वी बनाया गया है। बाराबंकी में एएसपी दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। कुशीनगर में तैनात रितेश कुमार सिंह को बाराबंकी का एएसपी दक्षिणी बनाया गया है। सीआईडी मुख्यालय में तैनात निवेश कटियार को कुशीनगर भेजा गया है। अलीगढ़ के एएसपी ट्रैफिक मुकेश चंद्र उत्तम को श्रावस्ती भेजा गया है, जबकि श्रावस्ती में तैनात प्रवीण कुमार यादव प्रथम को अलीगढ़ का एएसपी ट्रैफिक बनाया गया है।

चित्रकूट में तैनात चक्रपाणि त्रिपाठी को अयोध्या का एएसपी सिटी, फतेहपुर में तैनात विजय शंकर मिश्रा को पीएसी मुख्यालय, अमेठी में तैनात हरेंद्र कुमार को अंबेडकरनगर का एएसपी पश्चिमी बनाया गया है। जौनपुर में तैनात शैलेंद्र कुमार सिंह को अमेठी भेजा गया है। महराजगंज में तैनात आतिश कुमार सिंह को जौनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। सिद्धार्थनगर में तैनात सिद्धार्थ को महराजगंज, मुजफ्फरनगर के एएसपी क्राइम प्रशांत कुमार प्रसाद को सिद्धार्थनगर भेजा गया है। अंबेडकरनगर में तैनात विशाल पांडेय को मुजफ्फरनगर का एएसपी क्राइम बनाया गया है।

### सीएम योगी ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# यूपी के प्रत्येक मंडल में बनें आयुष कॉलेज

**लखनऊ, वार्ता**



- हर जिले में हेल्थ और वेलनेस सेंटर की योजना
- योग दिवस की तैयारी अभी से शुरू की जाए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्एक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीप.ीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में संचालित आयुष महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फैकल्टी एवं स्टाफ की गुणवत्ता का गहन परीक्षण कराया जाए, ताकि कोई कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में पंचकर्म जैसी विशिष्ट पद्धतियां गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं, इसलिए इन पद्धतियों को प्रदेश के सभी आयुष संस्थानों में बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा की लोकप्रियता को देखते हुए यह समय है, जब भारत की परंपरागत चिकित्सा को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत कर वैश्विक मंच पर स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि डाबर, वैद्यनाथ और पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक उत्पादक संस्थाओं के साथ एमओयू कर सभी आयुष चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी मरीज को चिकित्सकीय उपचार के लिए दवा की कमी न हो। वर्तमान में प्रदेश में 2,127 आयुर्वेदिक, 259 यूनानी और 1,598 होम्योपैथिक चिकित्सा संस्थान संचा.लित हैं, जो आयुष सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

## व्यापम घोटाले में 11 दोषी करार

**सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन साल की कैद और 16 हजार का लगाया जुर्माना**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सबसे बहुचर्चित व्यापमं घोटाले में भोपाल की सीबीआई विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। पीएमटी परीक्षा 2009 से जुड़े मामले में 11 आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। कोर्ट ने सभी दोषियों को तीन-तीन साल की कैद और 16-16 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए सख्त टिप्पणी की और कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इस प्रकार की धोखाधड़ी समाज के लिए अत्यंत घातक है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला साल 2009 में गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा से जुड़ा है। इसमें फर्जी अभ्यर्थियों और सॉल्वरों की मदद से एडमिशन दिलाने की साजिश रची गई थी। चार फर्जी परीक्षार्थी, जिनमें विकास सिंह, कपिल पारटे, दिलीप चौहान और प्रवीण कुमार ने अपने स्थान पर सॉल्वरों को परीक्षा दिलवाई थी। वहीं, पांच सॉल्वरों ने नागेन्द्र कुमार, दिनेश शर्मा, संजीव पांडे, राकेश शर्मा और दीपक ठाकुर ने असली अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दी थी। इस पूरे नेटवर्क का संचालन करने वाला मास्टरमाइंड सत्येन्द्र सिंह था, जिसने बिचौलिये की भूमिका निभाई। यह मामला समाने आने के बाद वर्ष 2012 में कोहेफिजा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की जांच के बाद सीबीआई ने आरोपियों पर धारा 419, 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया। अब सालों बाद अदालत ने इन्हें दोषी पाया है।

# मानवता के लिए खतरा बना पाकिस्तान: औवेसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



- दुनिया के सामने खोलेंगे पाक की पोल

एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताते हुए कड़ी निंदा की है। उन्होंने पाकिस्तान के लंबे इतिहास को मानवता के लिए खतरा बताया और भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी भूमिका उजागर करने का आह्वान किया। वे केंद्र सरकार द्वारा गठित सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भी शामिल हैं, जो आतंकवाद पर दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलेगा।

उन्होंने कहा कि मुहम्मद जिया-उल-हक के समय से लेकर कंधार विमान अपहरण, 26/11 मुंबई हमले, संसद पर हमला, उरी, पठानकोट, रियासी और हाल ही में पहलगाम में पर्यटकों की हत्या तक पाकिस्तान की भूमिका साफ दिखाई देती है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की गुप्त सेना (डीप स्टेट) और आईएसआई लगातार भारत में अस्थिरता फैलाने की को.शिश करते रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि 1947 में जम्मू-कश्मीर में कबायली हमलावरों को भेजना इसका पहला उदाहरण था। वे तब से यही कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। केंद्र सरकार द्वारा सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय राजधानियों में भेजने की योजना के तहत असदुद्दीन ओवैसी को भी एक प्रतिनिधिमंडल का सदस्य नामित किया गया है। इसका उद्देश्य भारत की आतंकवाद विरोधी स्थिति को वैश्विक मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करना है। ओवैसी ने कहा कि यह किसी पार्टी की बात नहीं है, बल्कि भारत की बात है। मैं इस जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाऊंगा, जाने से पहले विस्तृत बैठक की जाएगी। पाकिस्तान द्वारा खुद को एक इस्लामिक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करने पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने कहा कि भारत में करीब 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं, पाकिस्तान का यह दावा बकवास है, दुनिया को यह भी बताना जरूरी है। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी पर भी ओवैसी ने नाराजगी जताई।

## अर्थ व्यापार

# कृषि व ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे कृषि मंत्री शिवराज

**नई दिल्ली, वार्ता**



**आज नागपुर में होगी उच्च स्तरीय बैठक**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को नागपुर का दौरा करेंगे जहां वह विकसित कृषि पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा प्रमुख कृषि एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उपस्थित रहेंगे।

चौहान इस अवसर पर राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे, जो डिजिटल कृषि में एक अग्रणी पहल है। इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो नागपुर, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह पहल कृषि नेटवर्क कार्यक्रम का हिस्सा है। कृषि मंत्री कपास की फसलों को प्रभावित करने वाले एक प्रमुख कीट पिंक बॉलवर्म के लिए एआई-आधारित स्मार्ट ट्रैप भी लॉन्च करेंगे। आईसीएआर-केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर द्वारा विकसित यह तकनीक कीट नियंत्रण के लिए उन्नत मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का लाभ उठाती है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को कृषि में उनके अभिनव योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। राष्ट्रीय मृदा स्पेक्ट्रल लाइब्रेरी की स्थापना डिजिटल कृषि की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह लाइब्रेरी पारंपरिक गीले रसायन- आधारित परीक्षण की जगह मिटी के विश्लेषण की एक संपर्क रहित, तीव्र और लागत प्रभावी विधि की सुविधा प्रदान करेगी। भारत के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले मृदा स्पेक्ट्रल डेटा को केंद्रीय मंत्री द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली।** स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरक.ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100- 7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।


UTTARAKHAND

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भटवाड़ी**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PROVI. DIVISION**
**P.W.D BHATWARI (UTTARKASHI) PIN- 249135**

उत्तराखण्ड शासन

E.Mail-eepwdbhatwari @rediffmail.com Fax No-01374-244321

पत्रांक 679/ निविदा दिनांक 16/05/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो की सील्ड निविदा दिनॉक 02.06.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 21.05.2025 से दिनांक 30.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 02.06.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक अधोलिखित कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1. अधीक्षण अभियन्ता, 6वॉ वृत्त लो0नि0वि0, उत्तरकाशी। 2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, भटवाडी। 3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, उत्तरकाशी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी में जसपुर-सिल्याण-निराकोट मोटर मार्ग का निर्माण के अन्तर्गत किमी0 3.00 में स्लाईड जोन में मार्ग का सुरक्षात्मक कार्य। | 42,000.00 | 1500.00 + GST | 45 दिन | 2 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 में मार्ग कार्य में "डी" अथवा उच्चतर |
| 2. | सौरा-सारी मोटर मार्ग के किमी0 10.00 चैनेज 9/14 से 9/15 पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का मरम्मत कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 12,000.00 | 500.00 + GST | 45 दिन | 2 माह | -तदैव- |
| 3 | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत निरीक्षण भवन हर्षिल में रंगाई, पुताई, टाईल्स एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 15,000.00 | 1000.00 + GST | 45 दिन | 2 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 में भवन कार्य में "डी" अथवा उच्चतर |

निविदायें दिनांक 02.06.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष इसी कार्यालय में खोली जायेगी, अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।


## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**देशद्रोह:**

थी। ज्योति तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी है, जिसके कारण भारत की सुरक्षा एजेंसियों की उस पर नजर थी। ज्योति के खिलाफ हिसार के सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। हिसार निवासी ज्योति अविवाहित है। उसने बीए तक की पढ़ाई की है। वह अधिकतर समय दिल्ली में रहती है। छह मई को वह हिसार से दिल्ली गई थी। ज्योति के पिता हरीश कुमार मल्होत्रा बिजली निगम से सेवानिवृत्त हैं। ज्योति का पासपोर्ट 22 अक्टूबर 2018 को बना था। यह 21 अक्टूबर 2028 तक वैध है। ज्योति और उनके पिता के खिलाफ पुलिस में कोई पुराना मामला दर्ज नहीं है।

ज्योति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। फेसबुक और यूट्यूब पर उसके तीन लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से वह 'ट्रैवल विद जो' नाम से यूट्यूब चैनल चलाती है, जिसमें देश-विदेश की यात्राओं के वीडियो बनाती है। पहले वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करती थी, लेकिन कोविड के दौरान उसे नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद वह ब्लॉगर बन गई। ज्योति जिस भी देश में जाती है। वहां की खास जगहों और खाने और संस्कृति से जुड़ी वीडियो बनाती हैं और उन्हें अपलोड करती हैं। ज्योति के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यूज भी काफी आते हैं। ज्योति की वीडियो में पाकिस्तान से जुड़े वीडियो भी हैं। इसके अलावा ज्योति ने हाल में ही हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैचों पर दर्शकों की प्रतिक्रिया वाले वीडियो भी बनाकर अपलोड किए थे। इसमें पाकिस्तान से आए हुए लोगों से बातचीत की वीडियो भी है। इसके अलावा ज्योति ने कश्मीर टूअर पर भी वीडियो बनाए हुए हैं, जिसमें सेना के लोगों को भी फिल्माया गया है।

# कश्मीर में संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) या नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई रिपोर्ट नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा कि जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन की अभी कोई रिपोर्ट नहीं है।

उन्होंने कहा कि सीमा पर हाल हुए संघर्ष के कारण नुकसान का आकलन किया जा रहा है और एक बार नुकसान आकलन रिपोर्ट तैयार हो जाने के बाद सरकार उसके अनुसार ही मुआवजे की रिपोर्ट तैयार करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि हम अपने स्तर पर जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे और जहां भी हमें केंद्र सरकार की मदद की जरूरत होगी, मदद ली जाएगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सही कदम है। उन्होंने इसे भारत का पक्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रखने का अच्छा मौका बताया और याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय संसद हमले के बाद भी ऐसा ही किया गया था। उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियों के नेता इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल होंगे। अब्दुल्ला ने माना है कि पर्यटन क्षेत्र को जम्मू-कश्मीर को काफी नुकसान हुआ है और कहा कि इस बार की गर्मी के मौसम में बहुत कम पर्यटक आए हैं। अब सरकार का ध्यान अमरनाथ यात्रा को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने पर है। यात्रा के बाद वे पर्यटन को फिर से बढ़ावा देने की योजना बनाएंगे।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

देवभूमि उत्तराखण्ड




# हरित चारधाम यात्रा



## आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा

### चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न

**यमुनोत्री के पास:** जानकी चट्टी, हनुमान चट्टी, खरसाली गांव, सप्तऋषि कुंड, पांडव गुफा, लाखा मण्डल, केदारकांठा ट्रैक, राणा चट्टी

**गंगोत्री के पास:** गौमुख ट्रैक, भोजबासा, तपोवन, सूर्यकुंड व गौरीकुंड, हर्षिल वैली, मुखीमठ (मुखबा), दयारा बुग्याल ट्रैक, गरतांग गली, काशी विश्वनाथ मन्दिर, नचिकेताताल, डौडीताल

**केदारनाथ के पास:** भैरवनाथ मन्दिर, वासुकीताल, गौरीकुंड, त्रियुगीनारायण मन्दिर, चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला, गुप्तकाशी, देवरियाताल

**बदरीनाथ के पास:** माणा गांव, व्यास गुफा और गणेश गुफा, भीमशिला, औली, फूलों की घाटी, वसुधारा जलप्रपात, चरणपादुका, तप्तकुंड, नारदकुंड, ज्योतिर्मठ (जोशीमठ), सतोपंथ झील, पाण्डुकेश्वर, आदिबदरी मन्दिर, हेमकुंट साहिब

### यात्रा के लिए जरूरी सामान

| | | |
|---|---|---|
| रेनकोट | सनग्लासेस | पानी की बोतल |
| मास्क | ग्लूकोस बिस्कुट | लाठी |
| कोल्ड क्रीम | टार्च | मंकी कैप |
| मफलर | कैनवास जूते | कैश |
| मोज़े | सैनिटाइज़र | स्वेटर |
| छाता | पहचान पत्र | दस्ताने |

### पंजीकरण के लिए

registrationandtouristcare.uk.gov.in

Toll Free number 0135 1364

Download the App:
touristcareuttarakhand

Google play | App Store

हेलीकॉप्टर/अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं

**www.heliyatra.irctc.co.in**

आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं 1800110139
080-44647998/080-35734998

उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नंबर:
1364/0135 3520100

### महत्वपूर्ण सूचना

- यात्रा से पूर्व पंजीकरण अवश्य करायें।
- रजिस्ट्रेशन में सही मोबाईल नम्बर दर्ज करें।
- धामों पर "दर्शन टोकन" अवश्य प्राप्त करें।
- यात्रा मार्ग पर विभिन्न पड़ावों पर विश्राम करते हुए प्रस्थान करें।
- यात्रा मार्गों पर गंदगी न फैलायें एवं मार्ग को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
- कृपया वाहनों की गति नियंत्रित रखें एवं वाहनों को निर्धारित स्थलों पर ही पार्क करें।
- greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं।
- यात्रा के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

### स्वास्थ्य का रखें खास ख्याल

- यात्रा आरंभ करने से पहले निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच अवश्य करायें।
- जिन्हें हृदय संबंधी दिक्कतें तथा हाइपरटेंशन है, वे अतिरिक्त सावधान रहें।
- रास्ते में कहीं भी लगे कि आपकी तबीयत ठीक नहीं है तो आगे यात्रा न करें और नजदीकी चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।
- जरुरी दवाइयां, फर्स्ट ऐड किट एवं मेडिकल हिस्ट्री सम्बन्धी रिपोर्ट साथ लेकर चलें।

## आपकी यात्रा मंगलमय हो




सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

## एक नजर

### बस पलटी, स्कूली बच्चे व श्रमिक घायल

**काशीपुर।** एक फैक्टी में श्रमिकों को लेकर जा रही बस आज सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई। बस की चपेट में आने से ऑटो में सवार कुछ स्कूली बच्चे भी घायल हो गये। अलीगंज रोड पर पैगा पुलिस चौकी के निकट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के पास आज सुबह लगभग सात बजे एक फैक्ट्री में श्रमिकों को लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटते समय स्कूली बच्चों से भरा एक ऑटो भी बस की चपेट में आ गया, जिसमें कुछ बच्चे व बस में बैठे कुछ श्रमिक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पैगा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

### नेक ईयर टीम ऑनलाइन विजिट 20 व 21 को

**काशीपुर।** राधेहरि महाविद्यालय में 20 और 21 मई को नेक ईयर टीम ऑनलाइन विजिट करेगी। 20 मई की दोपहर महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं छात्राएं साथ ही वर्तमान छात्र एवं छात्राओं के साथ उनके परिजन को भी बुलाया गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने पूर्व छात्र-छात्राओं व वर्तमान छात्र-छात्राओं से अपने परिजनों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं।

### डेंगू की रोकथाम और उपचार की दी जानकारी

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र पातालदेवी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी डा. मनीष भट्ट ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार देर शाम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डेंगू के कारण, प्रकार, लक्षण, रोकथाम एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डेंगू जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के प्रति जागरूक कर उन्हें अपने समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए सक्षम बनाना था। यहां डा. पुष्पित, डा. नितिका, डा. अभिजीत, एमएसडब्ल्यू अरुण बडोनी, नर्सिंग ऑफिसर मुकेश जोशी, योगेश जोशी एवं वीरेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** लोन की लिमिट बढ़ाकर बैंक में धनराशि की धोखाधड़ी करने के आरोपी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। बीते दिनों नैनीताल बैंक के मैनेजर चंद्रशेखर तिवारी ने पुलिस में तहरीर सौंपी। बताया कि षड्यंत्र रचकर आरोपी ने धोखाधड़ी से लोन की बैंक लिमिट को बढ़ाकर नैनीताल बैंक से कुल 01 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्राप्त कर बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी राहुल पंत को उनके निवास स्थान त्यूनरा निकट गोपालधारा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### छात्रावास में घुसकर छात्र से की मारपीट

**अल्मोड़ा।** कुमाँचल छात्रावास में घुसकर छात्र से मारपीट करने का मामला सामने आया है। छात्रावास के छात्र राहुल सिंह ने पुलिस में सौंपी तहरीर में आरोप लगाया कि करीब आठ से नौ अज्ञात लोग छात्रावास पहुंचे और उनके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि छात्रावास पहुंचे आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। बताया कि सिर में चोट लगने से वह बेहोश हो गया। सूचना के बाद वार्डन वहां पहुंचे। पर तब तक आरोपी वहां से भाग चुके थे। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बागेश्वर में झमाझम बारिश

**बागेश्वर।** जिले में एक बार फिर भीषण गर्जना व चमक के साथ देर शाम झमाझम बारिश शुरू हुई। लोग अपने अपने प्रतिष्ठानों में करीब एक घंटे तक रुके रहे। जहां बारिश से चारों ओर नदी नाले जोर शोर से बहने लगे वही जिले में हो रही भीषण गर्मी से निजात मिला है। जिले में सुबह से चटक धूप खिली रही। दोपहर होते ही हल्के बदल आसमान में छाने लगे। लेकिन देर शाम चार बजे से बारिश शुरू हुई। जिला मुख्यालय सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जोर शोर से बारिश हुई। बारिश होने पर किसानों के चेहरे पर राहत दिखाई दी। वही वन विभाग ने भी चौन की सांस ली है।

### बाल अधिकारों पर कार्यशाला आयोजित

**बागेश्वर।** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बाल अधिकारों और बाल सुरक्षा पर एक दिवसीय संवेदीकरण एवं जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद डा. खन्ना ने आयोग के गठन, उद्देश्यों और बच्चों के अधिकारों पर चर्चा की। उन्होंने बाल श्रम, हिंसा, बाल विवाह, और शोषण पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल दिया और सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सचिव डा. शिव कुमार बर्नवाल ने आयोग की शक्तियों और कार्यों पर जानकारी दी, जबकि मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों ने बच्चों को दुर्व्यवहार से बचने, यौन उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक सुरेंद्र कुमार ने किया।

# 2 हजार लीटर अवैध ईएनए बरामद

## एक गिरफ्तार, काशीपुर की एक फैक्ट्री से जुड़े लोगों की भूमिका की हो रही जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एसएसपी मणिकान्त मिश्रा के निर्देशानुसार नशा तस्करों पर की जा रही कार्यवाही के तहत काशीपुर पुलिस व उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने संयुक्त रूप से की बड़ी कार्यवाही करते हुए शराब बनाने के उपयोग में लाये जाने वाले 2 हजार लीटर अवैध ईएनए (एक्स्ट्रा नेचुरल एल्कोहल) के साथ एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त द्वारा प्राथमिक पूछताछ में काशीपुर की एक फैक्ट्री से निर्मित माल बताये जाने पर उक्त फैक्ट्री से जुड़े लोगों की भूमिका की भी की जांच की जा रही है। 16 मई 2025 को गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से एसटीएफ उत्तर प्रदेश मय पुलिस टीम के थाना रेहड में पंजीकृत धारा 3(5), 303(2), 317(2), 274, 275 बीएनएस एवं 60/72 आबकारी अधिनियम में वांछित अभियुक्त



सुखविन्दर सिंह उर्फ सेठी पुत्र अवतार सिंह निवासी हाल बाला फार्म बेरिया दौलत थाना केलाखेड़ा जनपद उधमसिंहनगर की तलाश में चौकी कुण्डेश्वरी आये जहां चौकी कुण्डेश्वरी पुलिस द्वारा एसटीएफ टीम के साथ चौकी कुण्डेश्वरी क्षेत्र में उक्त सुखविन्दर सिंह के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। दौराने गिरफ्तारी अभियुक्त के घर से 08 प्लास्टिक के नीले रंग के केनों में 50-50 लीटर ईएनए (एक्स्ट्रा नेचुरल एल्कोहल) बरामद किया गया। अभियुक्त द्वारा अवैध तरीके से शराब बनाये जाने तथा बिना प्राधिकार के ईएनए (एक्स्ट्रा नेचुरल एल्कोहल) कब्जे में रखना पाये जाने पर अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली काशीपुर में धारा 3(5)/274/275/317(4)/317(5) बीएनएस व धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बाजपुर क्षेत्र में भी ईएनए (एक्स्ट्रा नेचुरल एल्कोहल) रखा होना बताया। अभियुक्त की निशानदेही पर थाना बाजपुर क्षेत्रान्तर्गत एक दुकान से 50-50 लीटर के कुल 31 प्लास्टिक के जरीकेनो में प्रत्येक में 50-50 लीटर ईएनए एवं पांच पीले रंग के कट्टों में नकली शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले खाली पव्वे बरामद किये गये।

# क्वारब डेंजर जोन के सुधारीकरण का कार्य शुरूः बिट्टू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा नेता एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि क्वारब में डेंजर जोन के सुधारीकरण का कार्य करोड़ो रुपये की स्वीकृति के बाद प्रारंभ हो चुका है और ऐसे में कांग्रेस आगामी 22 मई को इस मुद्दे पर जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करने का कार्यक्रम बना रही है, जो हास्यादपद है। उन्होंने कहा कि क्वारब की समस्या को देखते हुए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा ने स्वयं पूर्व में क्वारब का स्थलीय निरीक्षण किया। भूगर्भीय टीमों को लाकर स्थलीय निरीक्षण कराया ताकि इस डेंजर जोन का स्थाई समाधान निकाला जा सके। समस्या बड़ी थी तो स्थाई समाधान के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता थी। बताया कि वर्तमान में मोटर मार्ग के खड्ड साईड में सुरक्षात्मक कार्य गतिमान है एवं भौतिक प्रगति माह



जून तक 50 फीसदी प्राप्त किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त हिल साइड ट्रीटमेन्ट के स्थायी समाधान के लिए 51.37 करोड़ रुपये की सड़क को स्वीकृति प्रदान की गई है। कर्नाटक ने कहा कि वृहद कार्य योजना बनाकर क्वारब डेंजर जोन के स्थाई समाधान का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसके निर्माण के बाद जनता को कोई दिक्कत नहीं आएगी। कहा कि कांग्रेस पार्टी जिलाधिकारी कार्यालय घेराव के माध्यम से केवल जनता की सहानुभूति बटोर कर यह दर्शाना चाहती है कि जिलाधिकारी कार्यालय घेराव के बाद शासन -प्रशासन ने क्वारब में डेंजर जोन के सुधारीकरण का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह भूल चुकी है कि जनता बेहद समझदार है और कांग्रेस पार्टी की इस नाटकीय राजनीति को भली-भांति समझती है।

# मेयर व विधायक पर अभद्र टिप्पणी, अधिवक्ता निष्कासित

**काशीपुर।** मेयर व विधायक के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अधिवक्ता का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए काशीपुर बार एसोसिएशन की अनुशासन समिति ने अधिवक्ता को बार से निष्कासित कर दिया। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद अधिवक्ता ने माफी भी मांग ली थी। जानकारी के मुताबिक बीती तीन मई को काशीपुर बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता सुजीत शाह का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसमें वह मेयर और विधायक के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दिखाई दे रहे थे। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद काशीपुर बार एसोसिएशन ने उन्हें पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया था। तब आरोपी अधिवक्ता सुजीत शाह ने पांच मई को लिखित में मफी मांग ली थी। इसके बाद शुक्रवार को बार एसोसिएशन व अनुशासन समिति ने संयुक्त बैठक की। जहां बार एसोसिएशन ने आरोपी अधिवक्ता को बार से निष्कासित करने का निर्णय लिया। भविष्य में अगर कभी उनका व्यवहार ठीक रहा, तो फिर वापस लेने पर विचार किया जाएगा, लेकिन इसकी अवधि 6 महीने से कम नहीं होगी। वहीं आरोपी अधिवक्ता सुजीत शाह ने बताया कि उनका मकसद किसी का अपमान करना नहीं था। उसके बाद भी जब मैंने माफी मांग ली थी, तो मुझे निष्कासित नहीं करना चाहिए था। यह नियम विरुद्ध है। इसे वापस लेना चाहिए।

# मेयर दीपक बाली का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम महापौर दीपक वाली के मेयर कार्यकाल 100 दिन सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर ओबीसी

### सौ दिन का कार्यकाल पूरा होने पर दी बधाई

समाज की ओर से राजकुमार यादव एवं पूर्व पार्षद कविता यादव ने महापौर दीपक वाली को शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की एवं वार्ड 19 के पार्षद शिवांश गोले का पटका डालकर नगर निगम कार्यालय में स्वागत किया। उन्होंने बताया कि अपने शपथ ग्रहण करने के 60 दिन के भीतर 60 करोड़ 17 लाख की



506 नई सड़कों को मंजूरी दी जो वास्तव में अपने आप में अद्भुत कार्य है।

40 वार्डों में 4000 लाइट लगाने का कार्य भी प्रगति पर है। केवीआर हॉस्पिटल से धनौरी तक तथा कुमाऊँ प्लाजा होटल से परमानंदपुर तक सड़क का सौंदर्यकरण का कार्य भी काशीपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मेयर बाली द्वारा जो आठ चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा एवं मौहल्ले के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे गए हैं इसकी पूरे क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि श्री बाली द्वारा किए गए कार्य काशीपुर के विकास में स्वर्ण अक्षरों में गिने जाएंगे। इस मौके पर कैलाश चंद्र प्रजापति, धीरज वर्मा, तरुण वर्मा, अमित शर्मा, जतिन यादव, शिवकुमार, शालिनी शर्मा, रूची वर्मा, सचिन आदि ओबीसी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# प्रभु स्मरण करते हुए हर कार्य सोच समझकर करें, सफलता अवश्य मिलेगी: श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज ने गढ़ीनेगी स्थित श्री हरिकृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मान प्राप्ति को लक्ष्य कभी नहीं बनाना चाहिए वरना



कितना भी सम्मान प्राप्त होने के बावजूद थोड़े से कहीं से ना मिला तो भी क्षुब्ध ही रहेंगे। हर कार्य सोच समझ कर करना चाहिए। किसी से मित्रता करनी हो तो सोच विचार कर करनी चाहिए। क्रोध, अपमान, किसी का अनिष्ट अप्रिय व पाप कर्म करने में ज्यादा से ज्यादा देर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले का अपना ही नुकसान होता है। यदि दूसरा हमें नुकसान पहुंचाए तो हम बचाव की स्थिति अपनाएं आक्रमक दृष्टि ना होने दें। क्षमाशील बनें। क्षमा कायरों का नहीं अपितु वीरों का आभूषण है। मानव पर जगत व जगतपति दोनों का अधिकार है। लेकिन मानव का इन पर अधिकार मानना अज्ञानता है। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व हरिबोल की धुन में सभी भक्तजन झूम झूम कर नाचने लगे। श्री हरि कृपा धाम आश्रम पधारने पर महाराजजी का क्षेत्रीय, स्थानीय व दूरदराज से आए भक्तजनों ने ढोल, बैण्ड, बाजे के साथ फूल मालाएं पहनाकर, पुष्प वृष्टि करते हुए पूर्ण धार्मिक रीति से भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया।

# विज्ञान महाविद्यालय में रंगारंग संध्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के साम. ुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में कल्पना कृति 2025 नामक वार्षिक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी विविध सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि उप-विभागीय मजिस्ट्रेट गौरव पांडे और सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कालिका वंदना नृत्य के माध्यम से शक्ति, नारी सशक्तिकरण और आत्मबल का संदेश दिया गया। इसके बाद लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य और सामूहिक गायन जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक



उत्कृष्टता और व्यक्तिगत विकास के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को आत्मविश्वास, टीमवर्क और व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया और शैक्षणिक सत्र 2024-25 के पदाधिकारियों का परिचय भी कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्टाफ काउंसलर डा. दिव्या सिंह और सह-स्टाफ काउंसलर डा. पूजा टम्टा के मार्गदर्शन में किया गया।

# दक्ष कार्की को मिली सीसीआरटी छात्रवृत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध अमरलोक गायक स्वर्गीय पप्पू कार्की के पुत्र दक्ष कार्की ने पारंपरिक लो. कगायन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें भारत सरकार की प्रतिष्ठित सीसीआरटी (सेंटर फॉर कल्चरल रिसोर्स एंड ट्रेनिंग) छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है। यह स्कॉलरशिप उन्हें



लोकगायन विधा में उनकी प्रतिभा और निष्ठा को देखते हुए दी गई है। दक्ष कार्की वर्तमान में संगीताचार्य डा. जगमोहन परगाई के मार्गदर्शन में संगीत गायन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कम उम्र में ही दक्ष ने मंचों पर अपनी गायकी से श्रोताओं का दिल जीता है और अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। इस उपलब्धि पर डा. जगमोहन परगाई ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा दक्ष में असाधारण प्रतिभा है। वह न केवल अपने पिता की कला को आत्मसात कर रहे हैं, बल्कि उसमें नई ऊर्जा और नयापन भी ला रहे हैं। सीसीआरटी स्कॉलरशिप उनके उज्जवल भविष्य का संकेत है। दक्ष की माता कविता कार्की ने इस सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह अपने पिता के सपनों को साकार करना चाहते हैं और उत्तराखंड की लोक संस्कृति को देश-दुनिया तक पहुँचाना उनका मुख्य लक्ष्य है।

# छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** भारतीय सैनिकों के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को समर्पित एक रक्तदान शिविर का आयोजन प्रात: पंतनगर विश्वविद्यालय चिकित्सालय में किया गया।



इस शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कुलपति जी द्वारा हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के परिप्रेक्ष्य में भारतीय सेना को हर एक प्रकार से सहयोग करने और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा रक्तदान सेना की एक सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक सामाजिक कार्य है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को भाग लेना चाहिए। यह न केवल किसी ज़िंदगी को बचा सकता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति के प्रेरणा से हुआ और जिसका संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, बरेली सैनिक अस्पताल की डा. दीपिका गुलाटी एवं आईएमए की डा. पारुल तथा विश्व. विद्यालय चिकित्सालय के प्रभारी डा. प्रभाकरण एवं चिकित्सा अधिकारी डा. दुर्गेश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनसीसी के कर्नल शोमिर भटनागर, डा. एपी सिंह, डा. सुधीर कुमार, डा. राजीव रंजन कुमार, डा. श्वेता राय एवं विश्वविद्यालय चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक एवं सहयोगी कर्मी उपस्थित रह कर पूरे मनोयोग से रक्तदान में सहयोग किया। शिविर में विश्वविद्यालय के 150 छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने रक्तदान किया।

### पिकअप हादसे में चालक जख्मी

बागेश्वर। छतीना के पास शुक्रवार की रात एक पिकअप दुर्घटना ग्रस्त हो गई। हादसे में चालक जख्मी हुआ। उसे स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जहां घायल का उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बागेश्वर कांडा मोटर मार्ग में छतीना के पास पिकअप संख्या यूके 02 सीए 0186 अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। जिसमें सवार चालक 37 वर्षीय गिरीश राम पुत्र गोपाल राम निवासी फटगली गंभीर रूप से घायल हो गया। गाड़ी के गिरने की आवाज सुनकर आस पास के ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायल को गाड़ी से बाहर निकालकर उसे सड़क तक पहुंचाया। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाए। यहां डाक्टरों ने बताया कि घायल आधे घंटे तक बेहोश रहा।

# प्रशासन भवन की टीम बनी चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रशासन भवन ने कृषि महाविद्यालय

### महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रशासन भवन ने कृषि महाविद्यालय को हराया

को हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की गई थी और इसमें विश्वविद्यालय की दो टीमों ने भाग लिया। क्रिकेट संयोजक शशांक शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले मैच में प्रशासन भवन ने कृषि महाविद्यालय को 41 रन से हराया।



दूसरे और तीसरे मैच में प्रशासन भवन ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में कृषि महाविद्यालय की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें ऑलराउंडर डा. ऋतिका भट्ट ने 27 गेंदों पर 24 रन, डा. साक्षी चौहान ने 3 चौकों की मदद से 16 रन और कप्तान डा. श्वेताराय ने ताबड़तोड़ 13 रन बनाकर कुल 2 विकेट पर 61 रन बनाए। इसके जवाब में प्रशासन भवन की टीम ने अर्पणा के 26 गेंदों पर 25 रन और दीपा पांडे के 16 गेंदों पर 16 रन की मदद से 61 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. सुभाष चंद्रा और स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के पूर्व सचिव डा. एनके सिंह ने सम्मानित किया। डा. सुभाष चंद्रा ने कहा कि विश्व. विद्यालय में महिला क्रिकेट को बढ़ावा दिया जाएगा और इसमें कार्यरत सभी महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान प्रशासन भवन की खिलाड़ी किरन राय को 54 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। अर्पणा को बेस्ट बैटर और सरोज चौहान को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कार वितरण में डा. सुभाष चंद्रा और डा. एनके सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्रामीणों ने हर्ष जताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** शांतिनगर टूटी-पुलिया मुख्य बाजार में तिरंगा हाथों में लिए स्थानीय ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने भारत द्वारा आतंक के खिलाफ चलाए गए आपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष जताया और भारत माता के जयकारे लगा कर खुशी जाहिर की। वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों की शरण स्थली बन चुका हैं और ऐसे देश को हामारे वीर सैनिकों ने कड़ा सबक सिखा कर दुनियां को अच्छा संदेश दिया है। जिसमें शांतिनगर बूथ अध्यक्ष पूरन सिंह शाही, केदार सिंह कोरंगा, भूपेंद्र सिंह, चंदन सिंह, उपेंद्र शाह, गोविंद सिंह कन्याल, गोविंद सिंह बिष्ट, प्रदीप वर्मा, राहुल कोरंगा, भुवन सिंह, जयपाल राम, मोहन सिंह, हीरा सिंह, पूरन सिंह, लाल सिंह, राकेश फर्तियाल, महिपाल सिंह, सूरज राय, मोहन सिंह कार्की आदि लोग मौजूद रहे।

# ऑनलाइन भूमि रजिस्ट्री का निर्णय वापस लेने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला बार एसोसिएशन ने यूसीसी के अंतर्गत हो रहे ऑनलाइन



विवाह, वसीसत आदि को सब रजिस्ट्रार कार्यालय से ऑफलाइन किए जाने की मांग उठाई है। मामले को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। वहीं, सरकार से ऑनलाइन भूमि रजिस्ट्री का निर्णय वापस लेने की मांग की। बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एड. कवींद्र पंत ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से बीते जनवरी माह में यूसीसी लागू कर विवाह व वसीयत पंजीकरण यूसीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर दिया गया। जिससे अधिवक्ताओं के व्यवसाय में विप. रीत प्रभाव पड़ रहा है। इससे तहसील व जिला स्तर पर कार्य कर रहे अधिकांश अधिवक्ताओं के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही अधिवक्ता समाज के अभिन्न अंग दस्तावेज लेखक, टाइपिस्ट, अराजनवीस के कार्य व्यवसाय पर भी बेहद नकारात्मक प्रभाव हुआ है। विवाह व वसीयत पंजीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया में पूर्व की भांति अधिवक्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने, भूमि, संपत्ति की ऑनलाइन रजिस्ट्री के निर्णय को अविलंब वापस लिए जाने की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में, चंदन बगडवाल, पल्लव गस्याल, रमाशंकर नैनवाल, सुनील कुमार ग्वाल, विवेक तिवारी, भानु तिलारा, चामू सिंह गस्याल, आजाद खान, केवल सती, हरीश लोहनी, दीपक कुमार जोशी, कुंदन सिंह भण्डारी, भवान राम आर्य, डा. निर्मला तिवारी, भगवती प्रसाद पांडे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों की मदद

**अल्मोड़ा।** रेडक्रॉस सोसायटी आपदा प्रभावितों की मदद को आगे आया है। शनिवार को एक कार्यक्रम के तहत रेडक्रॉस सोसायटी ने प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बीते दिनों विकासखंड लमगड़ा डोल आश्रम के पास गांव में आनंदी देवी के घर में आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया था। जिससे उनको भारी नुकसान हुआ। वहीं, अब रेडक्रॉस सोसायटी ने प्रभावित परिवार को राहत सामग्री प्रदान की है। रेडक्रॉस ने चार कंबल, एक माह की खाद्यान्न सामग्री समेत दो किचन सेट और एक तिरपाल उपलब्ध कराई है। यहां कार्यक्रम में रेडक्रॉस के चेयरमैन आशीष वर्मा, प्रदेश समिति सदस्य मनोज सनवाल, शंकर दत्त भट्ट, विनीत बिष्ट, मनोज भंडारी, पार्षद अमित साह, अर्जुन बिष्ट, अभिषेक जोशी, कृष्ण बहादुर, गो. विंद मटेला आदि मौजूद रहे।

# संस्कृति सचिव ने मल्ला महल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सचिव संस्कृति व भाषा विज्ञान युगल किशोर पंत ने राजकीय संग्रहालय निर्माणाधीन मल्ला महल और लघुउडियार का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने संस्कृति विभाग की इकाइयों का भी निरीक्षण किया और विभागीय कार्यों की



समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान सचिव युगल किशोर पंत ने कहा कि संग्रहालय में केवल पांच वीथिकाएं होने के कारण संग्रहालय में संग्रहित सभी कलाकृतियों को एक साथ प्रदर्शित नहीं किया जा सकता। इसे ध्यान में रखते हुए पहाड़ी शैली में नया संग्रहालय भवन के निर्माण किया जाएगा। इसमें पहाड़ी शैली में पारंपरिक झरोखे और स्थानीय स्थापत्य शैली का समावेशी होगा। वर्तमान संग्रहालय के भूतल में पार्किंग बनेगी और नए संग्रहालय भवन को मल्ला महल से जोड़ा जाएगा। वहीं, उन्होंने प्रागैतिहासिक कालीन लाखुडियार गुफा का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने जीबी पंत राजकीय संग्रहालय में लोक कलाकारों के साथ बैठक की। यहां डीएम आलोक कुमार पांडे, सीडीओ दिवेश शाशनी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

तापमान अधिकतम :37°C न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स 82,330.59 निफ्टी 25,019.80

सोना 95,780 चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 18 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 267 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## ट्रम्प के प्रवासियों को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाई

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते जजः गवई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीजेआई ने बार काउंसिल के इवेंट में कहा: न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बीसीआई के सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान सीजेआई गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए। सीजेआई गवई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डा. बीआर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। अपने पिता की सलाह मानते हुए सीजेआई गवई ने हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 22 साल के कार्यकाल और सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में छह साल के कार्यकाल पर संतोष जताया।



### सुप्रीम कोर्ट में 26 मई से आंशिक कार्य दिवस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने 'आंशिक कार्य दिवस' (पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश) के दौरान मामलों की सुनवाई के लिए 21 पीठों को नामित किया है। शीर्ष अदालत ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की है। उसके अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उन पीठों को अधिसूचित किया, जो 26 मई से 13 जुलाई, 2025 तक आंशिक कार्य दिवसों (गर्मी की छुट्टियों) के दौरान सुनवाई करेंगी। शीर्ष अदालत में 14 जुलाई, 2025 से फिर से नियमित कामकाज शुरू होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ सुनवाई करेंगी।

# देश के लिए वरदान होगा इसरो का नया मिशन

चेन्नई, वार्ता

**पीएसएलवी- सी61/ईओएस-9 मिशन के लिए उल्टी गिनती शुरू**

**पीएसएलवी- सी**61/ईओएस-09 मिशन के रविवार (आज) को होने वाले प्रक्षेपण के लिए 22 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई।

यह मिशन पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली रडार इमेजरी प्रदान करेगा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) ने कहा कि उल्टी गिनती शनिवार सुबह 7:59 बजे शुरू हुई और सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह इसरो का 101वां मिशन है। 321 टन भार उठाने वाला चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61 अपनी 63वीं उड़ान में रविवार सुबह 5:59 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 (जिसका वजन 1,692.24 किलोग्राम है) लेकर उड़ान भरेगा। उल्टी गिनती के दौरान इसरो के चार-चरणीय और विश्वसनीय वाहन में प्रणोदक भरने का काम किया गया। यह मिशन इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को बढ़ावा देगा। इसरो ने कहा कि भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के 101वें मिशन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है। मिशन पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को लगभग 549 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित करेगा। यह छह स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फ़िगरेशन का 27वां संस्करण है और यह मिशन पेलोड और कक्षाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में विश्वसनीय प्रदर्शन देने के पीएसएलवी के रिकॉर्ड को जारी रखता है।



## दुनिया को भारत के कड़े रुख का संदेश देंगे सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** विभिन्न दलों के सांसदों के नेतृत्व में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया को आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने का भारत का कड़ा संदेश देने के लिए विभिन्न देशों में जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व शशि थरूर, कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद, भाजपा, संजय कुमार झा, जदयू, बैजयंत पांडा, भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके, सुप्रिया सुले, एनसीपी और श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिवसेना करेंगे। श्री रिजिजू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले हैं।

## कांग्रेस ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए चार सांसदों के नाम सरकार को भेजे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने के लिए अपने चार सांसदों के नाम सरकार को भेज दिए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए बताया की पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा से दो-दो सदस्यों के नाम इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने के लिए भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिन सांसदों के नाम प्रतिनिधिमंडल के लिए भेजे हैं, उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सांसद डा. सैयद नसीर हुसैन तथा राजा बरार शामिल हैं। शुक्रवार को सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात कर कांग्रेस से पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत के रुख को स्पष्ट करने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए पार्टी के चार सांसदों के नाम देने का आग्रह किया था।

# देशद्रोह:जासूस यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

## पाक को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी देने का आरोप

हिसार, वार्ता

**पुलिस ने ज्योति सहित छह लोगों को भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी देने के मामले में किया गिरफ्तार**

**पाकिस्तान के** लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने पांच और अन्य आरोपियों को भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

ज्योति पर आरोप है कि उसने भारत के सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' और सेना से जुड़ी कई गुप्त जानकारियां पाकिस्तान को भेजी थीं. पूछताछ में ज्योति ने स्वीकार किया कि वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव से भी संपर्क में थी। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 15 मई को उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया। खुफिया ब्यूरो की टीम ज्योति से पूछताछ कर रही है। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही -**शेष पृष्ठ दो पर**



### पाकिस्तानी अफसर दानिश से बात करती आई थी नजर

**नई दिल्ली।** ज्योति मल्होत्रा, ये वो नाम है, जो हरियाणा में काफी मशहूर था, लेकिन अब ये नाम देशभर में सुर्खियों में छा गया है। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ज्योति मल्होत्रा दिल्ली में पाकिस्तान एंबेसी के अधिकारी दानिश से बात करती नजर आ रही है। ये वीडियो पिछले साल 28 मार्च 2024 को दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित पाक एंबेसी में पाकिस्तान नेशनल डे पर इफ्तार पार्टी का है।

### पाक के नेशनल डे पर भी पहुंची थी ज्योति

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लोगों से ज्योति मल्होत्रा की करीबी का आलम ये था कि उसे पाकिस्तान के नेशनल डे पर पाकिस्तान हाई कमीशन में निमंत्रित किया गया था। इसका एक वीडियो भी उसने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया था, जिसमें वह पाकिस्तान हाई कमीशन के अधिकारियों और उनके परिवार के लोगों से भी बेहद घुलमिलकर बातचीत करती नजर आ रही है। ज्योति ने एक पाकिस्तानी अधिकारी के साथ हाल ही में इंडोनेशिया के बाली द्वीप की यात्रा भी की थी।

### कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसआईए ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मध्य और उत्तरी कश्मीर के जिलों में चल रही छापेमारी क्षेत्र में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। यह घटनाक्रम एसआईए द्वारा 11 मई को दक्षिण कश्मीर में लगभग 20 स्थानों, विशेष रूप से पुलवामा, शोपियां, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में हाल ही में मारे गए छापों के बाद हुआ है। पहले की ये छापेमारी आतंकी साजिश मामले की एक उच्च-दांव जांच का हिस्सा थी, जिसमें कथित स्लीपर सेल पाकिस्तान में हैंडलर के संपर्क में पाए गए थे। आरोपी व्यक्ति कथित तौर पर सुरक्षा बलों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के बारे में संवेदनशील जानकारी साझा करने में शामिल थे।

# नासिक शहर 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित

नासिक, वार्ता

**आतंकी हमले की आशंका के मद्देनजर पुलिस आयुक्त ने जारी किया आदेश**

**महाराष्ट्र में नासिक** पुलिस आयुक्तालय ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर नासिक शहर को 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित किया है। आतंकवादी हमलों की आशंका और संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने यह आदेश जारी किया।

यह आदेश शुक्रवार से 31 मई तक लागू रहेगा और निर्देश के अनुसार, बिना अनुमति के कोई भी ड्रोन उड़ान नहीं भर सकेगा। नासिक पुलिस आयुक्तालय ने 2022 में आयुक्तालय की सीमा के भीतर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों की सूची जारी की है, जिसमें पुलिस, सेना, वायुसेना, प्रेस और मंदिर शामिल हैं। इस क्षेत्र सहित शहर में सभी जगह ड्रोन समेत उड़ने वाले उपकरणों के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। इस बीच, कई वर्षों से नासिक पुलिस आयुक्तालय की सीमा में बिना पूर्व अनुमति के ड्रोन नहीं उड़ाए जा रहे हैं। कि कोरोना काल में महाराष्ट्र पुलिस अकादमी परिसर में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने की कोशिश की गई थी। उस समय पुलिस व्यवस्था ज्यादा सतर्क हो गई और जांच की गई, तब से ड्रोन के उपयोग पर प्रतिबंध बढ़ा दिए गए हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को देश के 24 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया था। इसका असर राजधानी दिल्ली में नजर आया। जहां शनिवार दोपहर कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। जिसके कारण अशोक नगर मेट्रो स्टेशन का शेड उखड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 3 बजे तक शहर में लगभग एक मिमी बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर के महारानी बाग, मयूर विहार, गाजियाबाद और नोएडा में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली। इधर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए।

# आप की मुसीबत: दिल्ली में 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेतृत्व से नाराज 15 निगम पार्षदों ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

'आप' के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि हमारे 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है और अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई है। पिछले ढाई साल में हम लोगों का काम नहीं कर पाए। हमारा पूरा समय लड़ाई-झगड़े में बीता है। पार्षदों के इस्तीफे में कहा गया है कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी के टिकट से चुने गए थे, लेकिन 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व निगम को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादे को पूरा न कर पाने के कारण हम सभी पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

### डा. बिंदु ने ड्रोन प्रौद्योगिकी केंद्र का किया उद्घाटन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की उच्च शिक्षा मंत्री डा. आर. बिंदु ने यहां ड्रोन प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का उद्घाटन किया। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत अतिरिक्त कौशल अधिग्रहण कार्यक्रम केरल द्वारा, अन्ना विश्वविद्यालय के एयरोस्पेस अनुसंधान केंद्र (सीएएसआर) के सहयोग से सीओई की स्थापना की गई है। सीओई में एएसएपी केरल का दूसरा नागरिक उड्डयन महानिदेशालय मान्यता प्राप्त रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन है, जो कज़हक्कुट्टम के सामुदायिक कौशल पार्क स्थित है जिसमें राजधानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एक समर्पित उड़ान मैदान है।

# तुर्की के दुर्दिन: ट्रैवल कंपनियों ने की यात्रा बुकिंग बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तुर्की के खिलाफ अभियान तेज, अब सेब व मार्बल पर लगी रोक**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को सपोर्ट करने के कारण तुर्की का भारत में बॉयकॉट हो रहा है। न केवल ट्रैवल कैंसिलेशन बढ़े हैं, बल्कि सेब और मार्बल सहित तुर्की से इंपोर्ट किए जाने वाले हर सामान का बॉयकॉट किया जा रहा है।

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने तुर्की और अजरबैजान के साथ व्यापार खत्म करने की घोषणा की। दिल्ली में हुई मीटिंग में देश के 24 राज्यों से बिजनेस लीडर्स ने भाग लिया। कैट ने गुरुवार को कहा था कि जो देश भारत के खिलाफ हैं उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्की-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया और भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। इसके बाद देशभर में बॉयकॉट तुर्की और बॉयकॉट अजरबैजान शुरू हो गया है। भारत के ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म जैसे कि ईजमाईट्रिप और इक्सिगो ने सुरक्षा जोखिम और राजनीतिक तनाव का हवाला देते हुए तुर्की और अजरबैजान की यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की है। भारत के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ अपने समझौते को निलंबित कर दिया। एएमयू ने भी शैक्षिक संबंध खत्म किए। पुणे के व्यापारियों ने तुर्की से सेब खरीदना बंद करने का फैसला किया है। इसके बजाय वे हिमाचल, उत्तराखंड, ईरान और अन्य क्षेत्रों से सेब खरीद रहे हैं। उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने मार्बल का आयात रोकने का सरकार से आग्रह किया है। कानपुर के व्यापारियों ने 80 फीसदी ऑर्डर कैंसिल कर दिया है।







# खतरे में भाजपा की विदेश नीति और सेना का सम्मान: माहरा

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा पर किए तीखे प्रहार, जनता की समस्याएं कर रही नजरअंदाज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है और केवल दिखावे की राजनीति कर रही है।

करन माहरा ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। नेतृत्व सचिन राव कर रहे हैं। इस शिविर का आयोजन सिटी क्लब में किया जा रहा है, जहां पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और आगामी चुनायों की रणनीति पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में मीणाल पंत और सीताराम के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्माओं को संगठित करने और नए सदस्यों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए करन माहरा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा के मंत्री द्वारा सेना की बहादुर कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अभद्र टिप्पणी बेहद दुखद और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सेना देश की




रक्षा के लिए कार्य कर रही है किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं। उन्होंने भाजप नेताओं से अपील की कि ये सेना का सम्मान रखें और इस तरह की गलत बयान बाजी से बचें।

करन माहरा ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान ने भाजपा सरकार के सीजफायर के निर्णय की पोल खोल दी है। उनोंने कहा कि सेना की विजय को भाजपा ने अपने व्यापारिक हितों के लिए हार में बदल दिया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, संदीप चीमा, सतीश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने पिता-पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** एक व्यक्ति ने पिता और पुत्र पर अपने बेटे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्राम नया टांडा प्रभापुर निवासी जगीर सिंह ने बताया कि उसका पुत्र पप्पू सिंह पतरामपुर निवासी जाबुल खां के यहां ट्रैक्टर चलाता है। बीती 14 मई को वह गांव निवासी किसान के खेत में इसी ट्रैक्टर से भूसा बनवा रहा था। तभी कुलवंत और उसका पुत्र बूटा सिंह निवासी भोगपुर डाम जानसे मारने की नियत से आए और ट्रैक्टर को रोक कर उसके पुत्र के सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जख्मी होकर उसका पुत्र लहुलुहान हो गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# परमिशन की आड़ में खुलेआम हो रहा अवैध मिट्टी खनन

**प्रशासन की मिली भगत से खनन माफिया बेखौफ कर रहे हैं खनन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तहसील क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अवैध मिट्टी खनन का खेल चरम पर चल रहा है। परमिशन की आड़ में प्रशाशन की मिलीभगत से खनन माफियाओं द्वारा अवैध मिट्टी खनन का कार्य लगातार किया जा रहा है जो कि इस समय खटीमा में चरम सीमा पर है।

नौगंवा से भूड़ महोलिया नहर किनारे की रोड से प्रतिदिन मिट्टी से भरे दर्जनों ट्रालियां व डंपर निकल रहे हैं। इधर पीलीभीत रोड पर भी मुडेली से अवैध मिट्टी खनन कर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां दौड़ रही हैं। अवैध खनन में लिप्त मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां रोड पर इस कदर तेज गति से दौड़ रही है कि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहीं कृषि कार्यों की जगह मिट्टी खनन में लगी अनेकों ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है।

अगर इन ट्रैक्टर ट्रालियों और चालकों के दस्तावेज जांच



किए जाएं तो कई चालकों व्हाट ट्रैक्टर ट्रालियों के दस्तावेज लाइसेंस इंश्योरेंस तथा फिटनेस अधूरे मिलेंगे।

जिले के आला अधिकारियों की खटीमा में मौजूदगी का भी खनन माफियाओं में तनिक भी खौफ नहीं रहता है। वर्तमान में खटीमा अवैध मिट्टी खनन का सबसे बड़ा अड्डा बन चुका है।

वहीं बेखौफ खनन माफियाओं द्वारा मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को तेज गति से सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है जिससे उड़ती धूल और मिट्टी से वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है और आसपास के लोगों तथा राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सीएम ने बांटे प्रशस्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपने आवास पर खटीमा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के उत्तराखंड बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के हाई स्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा में अधिकतम अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। तत्पश्चात मुख्यमंत्री धामी ने अपने आवास लोहिया हेड हेलीपैड में जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश



दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा रमेश चंद्र जोशी, जीवन धामी, कुलपति जीबी पंत विश्वविद्यालय डा. मनमोहन सिंह चौहान, जिला जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी खटीमा रविन्द्र बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा,सीओ आरडी मठपाल , मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, सहित अनेक अधिकारी व जनप्रति. निधि उपस्थित रहे।

# कर्नल सोफिया और सेना पर विवादित टिप्पणी के विरोध में मुस्लिमों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय सेना पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर मुस्लिमों में आक्रोश है। उन्होंने इसके विरोध में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वहीं एमपी के उप-मुख्यमंत्री और मंत्री का पुतला फूंका। लोगों ने एसडीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज दोनों मंत्रियों को पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की।

शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोग एडवोकेट अखलाक अहमद के नेतृत्व में मंडी परिसर में एकत्र हुए। प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्तियों की ओर से भारतीय सेना और देश की गौरवशाली कर्नल बेटी के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी न केवल



निंदनीय है, बल्कि राष्ट्र के सम्मान के खिलाफ है। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व मंत्री विजय शाह का यह कृत्य नारी सम्मान और सैन्य गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है, जिसे देश का कोई भी नागरिक सहन नहीं कर सकता। लोगों ने दोनों मंत्रियों की विधायकी रद्द कर पद से बर्खास्त किए जान, देशद्रोह और सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के आरोप में कार्रवाई की मांग की। यहां वसीम अहमद, जावेद अख्तर, मोनिस, मो.जावेद, इबादुर्रहमान, शोएब आलम, मुरसल. ीन, नौशाद, महेंदी हसन, मुनव्वर आदि थे।

## एक नजर

### धान के परिवहन बिलों का कराया जाए भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने टनकपुर पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंटवार्ता कर राईस मिलर्स की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में धान खरीद नीति पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की तर्ज पर बनाए जाने, वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के धान के परिवहन बिलों का भुगतान कराए जाने, गोदामों में समय से चावल उतरवाए जाने के लिए राईस मिलर्स को धान के बिलों का भुगतान किए जाने की मांग की गई। सीएम धामी ने राईस मिलर्स की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र एक कमेटी का गठन कर समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश कंसल, उपाध्यक्ष रमेश गर्ग, कोषाध्यक्ष पंकज बांगा, महामंत्री श्याम अग्रवाल, मंत्री उमेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### पूर्व दर्जा राज्यमंत्री कदीर अहमद हज के लिए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पूर्व दर्जा राज्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कदीर अहमद और उनकी पत्नी नाजिस बेगम हज के लिए मुबारक सफर पर रवाना हुए। हज पर जाने से पहले पूर्व दर्जा राज्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कदीर अहमद और उनकी पत्नी नाजिस बेगम को मुबारक.



बाद देने के लिए निवास स्थान ग्राम रम्पुरा शाकर में बड़ी तादाद में अकीदतमन्द पहुंचे। जहां अकीदतमंदों ने हज जाने वाले पूर्व दर्जा राज्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कदीर अहमद और उनकी पत्नी नाजिस बेगम का गुलाब के फूल मालाएं पहनाकर विदा किया। इस अवसर पर हाजी अय्यूब अली, शमशीर अहमद, मरगूब आलम, फिरोज आलम, गुलवेज आलम, जावेद आलम, सज्जन प्रधान, हाजी रईस अहमद, अफसर अली प्रधान, सादिक हुसैन, अहसान अली, निसार अहमद, साबिर हुसैन, शकील प्रधान, मौलाना इरशाद नूरी, इरफान अली आदि शामिल रहे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एमपी इंटर कॉलेज रामनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के पदेन सचिव प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा और अध्यक्षा सुनीता बोहरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि बैठक में नई कार्यकारिणी का चयन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से नंदन सिंह यादव को विद्यालय प्रबंधन समिति का नया अध्यक्ष और मनोज कश्यप को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दिशा बिष्ट, नेहा, जाकिर हुसैन, त्रिभुवन कांडपाल, रिहाना कमर, इकरामुर रहमान,इंतजार हुसैन, कामिनी,बृज किशोर चंद्र, आयशा परवीन,सुशीला बिष्ट, हसीना बानो, उमा असवाल, साहिर हुसैन, समरीन,मोहम्मद अयूब, रेणु को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।बैठक मे विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन, नवीन प्रवेश और एक अतिरिक्त भोजन माता रखने पर विचार किया गया।

इस दौरान बैठक में विद्यालय के शिक्षक नीरज राज, अमित धारकिया,प्रीती बंगारी,आँचल, प्रकाश रावत आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने अग्निकांड पीड़ित का हाल जाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कांगेस विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने गोटिया में अग्निकांड पीड़ित व्यवसायी का हाल जाना।

बता दें कि शुक्रवार को गोटिया के वार्ड नंबर 6 में परवेज आलम की कपड़े की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपये का नुकसान हो गया था। शुक्रवार देर शाम विधायक कापड़ी ने घटनास्थल पर पहुंच आग लगने की घटना की जानकारी ली और दुकान में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन को उचित सहायता करने के



भी निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने गोटिया में बिजली के झूल रहे तारों और अतिक्रमण की भी विधायक से शिकायत की। इस पर कापड़ी ने ऊर्जा निगम को तारों को सही करने के निर्देश दिए।

## युवक को घायल करने वाले चार आरोपियों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** पुलिस ने युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल करने वाले चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

शनिवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गिधौर निवासी बलजिन्दर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया था की 15 मई 2025 को सुबह करीब 7:30 बजे उसका भाई बलजीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी ग्राम गिधौर, अपने बच्चों को स्कूल छोड़कर ग्राम चेतुआखेडा से घर को अपनी मोटर साईकिल से लौट रहा था। ग्राम ऐचता जंगल के पास घात लगाए बैठे ग्राम गिधौर निवासी बलजीत सिंह उर्फ सेठी पुत्र बग्गा सिंह, हरजिन्दर सिंह उर्फ लाली पुत्र बग्गा सिंह, हरजिन्दर सिंह पुत्र मलकीत सिंह, आर्यान सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ने मिलकर अचानक उसके भाई पर धारदार हथियार से प्रहार कर उसे घायल कर दिया तथा गाली गलौच करते हुए उसके भाई को जान से मारने की प्रयास किया। इन लोगों के हमले से मेरे भाई बलजीत सिंह के हाथ पांव, पैर सिर में गंम्भीर चोटे आई है। उक्त लोग घटना के बाद से फरार है।

पुलिस ने नामजद तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है।

## तिरंगा यात्रा सफल बनाने का किया आग्रह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर पूरे देश में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का क्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में भाजपा कंजाबाग मंडल के कार्यकर्ताओं ने खटीमा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक बैठक करके मंगलवार को प्रात: 9.30 बजे से तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निक. ालने हेतु रणनीति बनाई।



जिसमें तय किया गया कि तिरंगा यात्रा कंजाबाग शिव मंदिर से निकाली जाएगी। वहीं सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए आग्रह किया गया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खघ्ड़ायत, कार्यक्रम सहसंयोजक अमित कुमार पांडे, भुवन चंद्र जोशी, किशोर जोशी, अनीता ज्याला, आनंद सिंह सामंत, गोकुल ओली, प्रकाश शर्मा, किशन सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह भंडारी, बबीता जोशी तथा मोि. हत जोशी आदि उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोप में थाने में दी तहरीर, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तहसील क्षेत्र की एक युवती ने खटीमा थाने में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि खटीमा आते जाते समय कंजाबाग निवासी विवेक राना पुत्र अयोध्या प्रसाद से उसकी जान पहचान और अच्छी मित्रता हो गई। तहरीर के माध्यम से 22 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने मीठी मीठी बातों के जाल में फंसा कर शादी का झांसा दिया तथा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी विवेक मई 2024 से 30 दिसंबर 2024 तक उसके साथ शारी.




रिक संबंध बनाता रहा। तत्पश्चात शादी की बात करने पर आरोपी द्वारा शादी करने से मना कर दिया गया तथा महिला के फोन नंबर को आरोपी विवेक द्वारा ब्लॉक कर दिया गया। वहीं पीड़ित युवती का कहना है कि वह लगभग पांच माह की गर्भवती है। इसके बारे में जब उसके परिजनों को पता चला तब आरोपी विवेक के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई। वहीं पीड़ित युवती का कहना है कि आरा. ेपी विवेक के कृत्यों से उसकी मान. सिक एवं शारीरिक एवं सामाजिक क्षति हो रही है। पीड़ित युवती के पिता की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। पीड़ित युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोपी विवेक राना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और उचित सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। वही खटीमा थाने में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा पुलिस मामले में जांच की कार्यवाही में जुटी हुई है।

## सदस्यता अभियान की तिथि 25 मई तक बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** व्यापारियों की मांग पर व्यापार मंडल के चुनाव अधिकारियों ने सदस्यता अभियान की तिथि बढ़ा को बढ़ाकर 25 मई कर दिया है। व्यापारियों को अब सदस्य बनने के लिए और 10 दिन का समय दिया गया है।

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के स्थानीय चुनाव अधिकारी राजाराम राजपूत ने बताया कि प्रदेश पदाधिकारी की सहमति के बाद बीती 17 मार्च को स्थानीय कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था। नई कार्यकारिणी के गठन तक वर्तमान अध्यक्ष तरुण गहलोत को ही संगठन की जिम्मेदारी सौंप गई थी और संगठन के चुनाव संपन्न करने के लिए 15 मई तक नए सदस्यता अभियान चलाने की तिथि निर्धारित की थी। समय सीमा समाप्त होने के बाद व्यापारियों की मांग पर चुनाव अधिकारियों ने बैठक की। इसमें प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष सत्यवान गर्ग की सहमति पर अभियान की तिथि को आगे बढ़ते हुए 25 मई तक करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद नए सदस्यों की संख्या सूची की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी ताकि जून में नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव संपन्न कराए जा सकें। बैठक में निकेश अग्रवाल, सतीश अरोड़ा, मोहम्मद इस्लाम हुसैन, तरुण बंसल, महफूज अली, मोहसिन अली आदि शामिल रहे।

# डीपीएस में सत्र 2025-26 के लिए छात्र संसद का हुआ गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** छात्र जीवन ही वह समय है जब हम नेतृत्व करने की क्षमता का विकास एक छात्र के जीवन में कर सकते है । आज शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में छात्र संसद का गठन आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा का निर्वाह करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर और अतिथियों के स्वागत के साथ शुरू हुआ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों, पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर के प्रोफेसर डॉ. शिवेंद्र कश्यप, अमृत अस्पताल के एमडी डा. रणजीत सिंह गिल, शेखर सिन्हा एचआर हेड एंड्योरेंस टेक्नोलॉजी लिमिटेड और सिडकुल एंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी, अध्यक्ष और विक्रम सिंह राणा, प्लांट हेड टीवीएस लुकास, पंतनगर के औपचारिक स्वागत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद समूह गान और श्रद्धापूर्वक सरस्वती वंदना की गई। प्रधानाचार्य के स्वागत भाषण ने जिम्मेदारी में निहित नेतृत्व के महत्व को रेखांकित किया।

नव निर्वाचित छात्र परिषद ने गरिमामय मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसके बाद परिषद के पदों की आधिकारिक घोषणा की गई। इसके बाद सदस्यों ने विद्यालय के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लेते हुए पद की शपथ ली। इस अवसर पर बोलते हुए डा. शिवेंद्र कश्यप ने व्यक्तिगत और शैक्षणिक सफलता के लिए आत्म-अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। डा. रंजीत गिल ने छात्रों को ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को शेखर सिन्हा और विक्रम सिंह राणा ने भी संबोधित किया, जिनके शब्दों ने निश्चित रूप से छात्रों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि यह छात्र संसद छात्रों में विभिन्न कौशलों का विकास कर सकती है। श्री सिंह ने इस अवसर पर सभी




प्रतिभावान छात्रों को बधाई दी और कहा कि आने वाले समय मे देश की बागड़ोर आप सभी छात्रों के हाथ में है मुझे आशा हैं कि आप देश और अपने शहर का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम समाप्त हुआ।

**एम.के. वाटर प्रूफिंग**

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो.महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रुद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विश्वजीत मण्डल जिसका विवाह हो चुका है और मेरे ही घर में रहता है। आए दिन हमसे व मेरे परिजनों से लड़ाई झगड़ा करता है। विश्वजीत मण्डल की गलत हरकतों से परेशान होकर इसको अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं। विश्वजीत मण्डल के किसी प्रकार कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। किसी भी कृत्य के लिए विश्वजीत मण्डल जिम्मेदार होगा।

नान्दू मण्डल पुत्र गिरीश मण्डल
निवासी- वार्ड 3, संजय नगर खेडा, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं महबूब सलमानी वार्ड नं 10 खटीमा, जिला उधमसिंह नगर अपने पुत्र मो. इकबाल को गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी चल अचल संपति से बेदखल कर रहा हूं। मो. इकबाल से मेरा और मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं है। किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मो. इकबाल जिम्मेदार होगा।

## कच्ची शराब बेचते एक महिला को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पति की मौत के बाद महिला ने घर चलाने के लिए कच्ची शराब का अवैध करोबार शुरू कर दिया। महिला पुलिस ने सूचना मिलने परउसे बिन्दुखेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उनके पास से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक 16 मई को पुलिस को बिन्दुखेड़ा क्षेत्र में एक महिला के लोगों को शराब बेचने की सूचना मिली थी। महिला पुलिस मौके पर पहुंची और बिलासपुर रामपुर निवासी मालती पत्नी हरी चौधरी को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि पति की मृत्यु के बाद घर चलाने के लिए रोजगार नहीं होने के कारण शराब बेचने लगी। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया है।

## पुलिस ने तोड़ी कच्ची शराब की भट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर बाजपुर सीओ विभव सैनी के नेतृत्व में एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा बाजपुर में नशे और अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा ग्राम गजरौला झाल क्षेत्र के जंगल में नाले के बगल में बनाई गई एक कच्ची शराब की भट्टी को तोड़ा गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर लगभग तीन हजार लीटर कच्ची शराब के लहन और शराब बनाने के उपकरण को नष्ट किया गया। बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा एक कच्ची शराब की भट्ठी को तोड़ा और तीन हजार लीटर कच्ची शराब के लहन को भी नष्ट किया गया।



**लगभग तीन हजार लीटर लहन और शराब बनाने के उपकरण किए नष्ट**

आगे भी पुलिस टीम का नशे के विरूद्ध और कच्ची शराब की रोकथाम करने के लिए क्षेत्र में अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा, कांस्टेबल मोहन खाती, विपिन चंद्र शामिल रहे।

## स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पंतनगर नगला नगरपालिका के वार्ड नंबर पांच निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री बीते शुक्रवार की सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, लेकिन स्कूल नहीं पहुंची। उसे शांतिपुरी गेट तक देखा गया, वहां से वह लापता हो गई है। सब जगह खोजबीन और पूछताछ करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। एसएचओ पंतनगर सुंदरम शर्मा ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा को ढूंढ़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# तिरंगा यात्रा में हजारों लोगों हुए शामिल

## भारत मां की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंज लोहाघाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** ऑपरेशन सिंदूर मे भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम एवं शौर्य प्रदर्शन के सम्मान मे लोहाघाट मे विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली का आयोजन भाजपा की ओर से किया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने रैली में प्रतिभाग कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

शनिवार को लोहाघाट के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण से मीना बाजार, शीतला माता मंदिर, स्टेशन बाजार, खड़ी बाजार होते हुए विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सैनिक संगठन व नगर के समस्त स्कूली बच्चों, महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बढ़ चढकर प्रतिभाग किया।

रैली में शामिल भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, मोहित पाठक, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे आदि लोगों ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकवाद और रक्षा केंद्रों को भारतीय सेना के द्वारा पहुंचाई गई अभूतपूर्व क्षति के मद्देनजर, हमारी सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के अटूट नेतृत्व के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर मे भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम एवं शौर्य प्रदर्शन के सम्मान की जितनी सहराना की जाए वो कम है।

इस दौरान पूरा लोहाघाट भारत माता की जय व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठा। तिरंगा रैली में नगर मंडल अध्यक्ष गिरीश कुवर, राजू गढ़कोटी सचिन जोशी, सतीश चंद्र पांडे, रविंद्र देव, जिला पंचायत प्रशासक ज्योति राय, कैप्टन आरएस देव, कैप्टन रघुवीर, चंद्रशेखर बगोली, अजय बिष्ट, जगदीश जोशी, अमित जुकरिया, विक्की ओली, अमित शाह, दिनेश सुतेड़ी सहित हजारों लोग शामिल रहे।



# खनन कारोबारियों ने किया डीएफओ का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज के कोसी नदी के बंजारी प्रथम गेट को बंद किए जाने के विरोध में शनिवार को खनन कारोबार से जुड़े दर्जनों लोगों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य का घेराव करते हुए बंद गेट को शीघ्र खोले जाने की मांग की।

पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने बताया कि कोसी नदी के बंजारी प्रथम गेट वन विभाग द्वारा आठ मई को बंद कर दिया गया है, जिससे इस गेट में पंजीकृत ट्रांसपोर्टर एवं खनन कारोबारियों के आगे रोजी-रोटी का संकट गहराने लगा है। उन्होंने डीएफओ से शीघ्र इस गेट को खोले जाने की मांग की है। वहीं मामले में डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया उक्त गेट के आसपास लगातार अवैध खनन की शिकायत मिलने के बाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, जिसके पास अवैध खनन रोकने को लेकर इस गेट को बंद किया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में 19 मई को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इसके बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। वहीं खनन कारोबार से जुड़े लोगों ने



यह भी कहा कि उनको किसी दूसरे गेट पर पंजीकृत कर दिया जाए दिया। डीएफओ बताया कि क्योंकि वर्तमान में खनन सत्र समाप्त होने की ओर है। उन्होंने बताया कि नदी में करीब 42 000 घन मीटर खनन अभी और होना है। इन सभी मामलों पर हाईकोर्ट से निर्णय होने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, प्रधान इमरान खान, गुरजीत सिंह, बलजीत सिंह, प्रेम सिंह, रोहित कुमार, होरी सिंह, शिव कुमार,राज. कुमार, गुरदीप सिंह, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पूर्व अध्यक्ष अहमद उल्लाह हज के लिए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** प्रथम किसान सहकारी समिति लि. के पूर्व अध्यक्ष अहमद उल्लाह हज के लिए रवाना हुए। इस मौके पर साबिर हुसैन, अजीम अहमद, नईम अहमद, जैदी खान, वसीम, जावेद अंसारी, मुंत्याज अली, फईम अहमद, अफसर अली, इंतजार हुसैन, डाक्टर मसरूर बेग, इरफान अली आदि लोगों ने पूर्व अध्यक्ष अहमद उल्लाह को मुबारकबाद पेश की।

### नन्हे मुन्ने बच्चों ने सेलिब्रेट किया मदर डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रीन फील्ड एकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीरुमदारा रामनगर में मदर डे मदर्स डे मनाया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने प्रतिभाग किया और नन्हे मुन्ने बच्चों ने मां के प्यार दुलार को मंच के माध्यम से दिखाया गया। कई मातृशक्ति के आंखों में खुशी के आंसू देखे गए। महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें प्रथम ममता, द्वितीय शकुंतला और तृतीय सोनिया रही। तीनों विजेताओं को प्रबंध निदेशक शिशुपाल रावत और प्रधानाचार्य कंचन बिष्ट ने गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

प्रबंध निदेशक शिशुपाल सिंह रावत ने नन्हे मुन्ने बच्चों का स्वास्थ्य, शारी. रिक, संस्कारीक, होने के लिए अभिभावकों से अपने विचार व्यक्त किए और आग्रह किया कि अभिभावक भी अपने बच्चों पर ध्यान दें, ताकि हम इन नन्हे मुन्ने बच्चों को कल को देश की बागडोर सौंप सके। स्कूल की प्रधानाध्यापिका कंचन बिष्ट ने अभिभावकों से गुजारिश की है कि वह अपने बच्चों पर ध्यान दें उनको एक मजबूत पायदान देकर के अच्छा इंसान बनने के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में रचना कंडारी, ज्योति रानी, स्वाति नेगी, बबीता रावत, ज्योति नेगी, मोनिका आर्य, ममता बिष्ट, मोनिका रावत आदि मौजूद रही।

### होग डियर गणना को लेकर दिया प्रशिक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर के निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं कालागढ़ टाइगर रिजर्व के अंतर्गत 22 मई से 24 मई तक होने वाली होग डियर गणना-2025 के प्रशिक्षण के लिए कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ में डब्लू डब्लूएफ एवं कार्बेट फाउण्डेशन के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी।

निदेशक, कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ बिदंर पाल द्वारा सभी विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का स्वागत कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान डा. मेराज अनवर, कॉ-ऑर्डिनेटर, डब्लूडब्लूएफ इण्डिया एवं मौ. फैजान, असिस्टेंट, डा. हरेन्द्र सिंह बरगली, डिप्टी डायरेक्टर, द कार्बेट फाउण्डेशन, ढिकुली एवं समीक्षा मनराल, शोध अधिकारी, द कार्बेट फाउण्डेशन, ढिकुली के द्वारा पाड़ा के प्राकृतिक वासस्थल, व्यवहार, भोजन, पहचान और उसके रंग-रूप आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। पाड़ा गणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में भी अगवत कराया गया। कार्यशाला के दौरान पाड़ा के विषय में यह भी जानकारी दी गई कि यह एक संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक है। पाड़ा अधिकतर घास के मैदान में पाया जाता है। पाड़ा किसी भी वन क्षेत्र के लिए एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत माना जाता है। पाड़ा और कार्बेट टाइगर रिजर्व में पाये जाने वाले अन्य हिरण प्रजातियों जैसे- सांभर, चीतल, काकड़, घुरल आदि में अन्तर पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में कॉर्बेट पार्क वार्डन अमित कुमार ग्वासीकोटी , निदेशक प्रशिक्षण केंद्र बिन्दरपाल, डा. मेराज अनवर, कॉ-ऑर्डिनेटर मोहम्मद फैजान डा. हरेन्द्र सिंह बरगली, इन्द्र सिंह बिष्ट, एमपी बिजल्वाण, एसएस गुंसाई, संकाय सदस्य, प्रेमा तिवारी,अभिषेक टंगड़िया, भूपेन्द्र सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह चौहान, महेश चन्द्र जोशी, धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

### साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को दी विधिक जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधिक साक्षरता सचिव योगेंद्र सागर के निर्देश पर शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगतपुरा में विधिक साक्षरता शिविर लगा। शिविर में पैनल अधिवक्ता कनिष्क चौरसिया, रेनू तिवारी और रागिनी मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, बालविवाह मुक्त उत्तराखंड अभियान तथा बालविवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। शिविर में प्राविधिक कार्यकर्ता कंचन सक्सेना, सुनील शर्मा, अनीता सक्सेना, चंद्रबली यादव, राधेश्याम सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

### पत्नी से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** कोतवाली चम्पावत पुलिस ने पत्नी से मारपीट करने वाले आरोपी पति को हिरासत में लिया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली से मिली जानकारी के मुताबिक डायल 112 में रवि कुमार निवासी नरसिंहडांडा पर पत्नी से मारपीट करने शिकायत मिली। जिसके बाद पत्नी से मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर कर्णकरायत के ग्राम थुवामारा में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया। इस दौरान शिविर में 20 लोगों की जांच दवा दी। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तनुजा मुरारी ने लोगों को उच्च रक्तचाप के विषय में जानकारी दी। लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। बदलते मौसम में रोगों के प्रति सजग रहने को कहा। यहां एएनएम रिंकी, कमला मेहरा, मीनाक्षी मेहरा, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के क्षेत्रीय अन्वेषक अयन जायसवाल व ग्रामीण मौजूद रहे।

# लापता महिला की गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर के बंगाली कॉलोनी निवासी एक बुजुर्ग महिला घर से लापता हो गई है। परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

नगर के बंगाली कॉलोनी निवासी रमेश कुमार ने तहरीर में बताया कि उनकी 65 वर्षीय मां मंजू देवी 13 मई की सायं बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी ढूंढ खोज करने के बाद अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है।

कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने बुजुर्ग महिला की ढूंढ खोज शुरू कर दी है।

# जल्द मिलेगी लावारिस पशुओं से निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** सड़कों पर विचरण करते लावारिस पशु क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं किसानों की फसल नष्ट करना, चलते- फिरते राहगीरों पर हमला, लावारिस पशुओं से हो रही सड़क दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं। अब जल्दी ही इससे क्षेत्रवासियों को निजात मिलने की उम्मीद जग गई है। एक दिन पूर्व क्षेत्र के दौरे पर आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौशाला का शिलान्यास किया। करीब 146.86 लाख की लागत से नायकगोठ स्थित 400 वर्ग मीटर भूमि पर गौशाला का निर्माण होगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी ने बताया कि शासन से निर्माण कार्य शुरू करने को एक करोड़ की राशि कार्यदायी संस्था नगर पालिका को अवमुक्त हो गई है।

# सभी को स्वास्थ्य सेवाएं देना सरकार का मुख्य उद्देश्यः टम्टा

■ **केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने किया मल्टी स्पेशलिटी मोबाइल हेल्थ यूनिट का उद्घाटन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री भारत सरकार अजय टम्टा ने चंडाक स्थिति मोस्टामानू मंदिर प्रांगण में मल्टी स्पेशलिटी मोबाइल हेल्थ यूनिट के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग किया। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट सीमांत सेवा फाउंडेशन हेल्थ ऑन व्हील अभियान के तहत जनपद के गोरंगघाटी के 32 गांवों हेतु शुरू की गई है। चंडाक स्थित प्रसिद्ध मोस्टमानू मंदिर में सुंदरकांड के साथ अभियान की शुरुआत हुई।



इस अवसर पर अजय टम्टा ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट दूरदराज के गांवों में रहने वाले लोगों को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगी। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस है और इसमें अनुभवी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम मौजूद है। यह यूनिट सामान्य चिकित्सा, ईसीजी, पैथालॉजी और अन्य विशिष्ट सेवाएं प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ष्यह मोबाइल हेल्थ यूनिट सीमांत सेवा फाउंडेशन के श्हेल्थ ऑन व्हील्सश अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसका लक्ष्य सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

सीमांत सेवा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष ललित पंत ने बताया कि अभियान के तहत गोरंगघाटी के 32 दूरस्थ गांवों में मोबाइल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मोबाइल वैन में ईसीजी, एक्सरे सहित पैथोलॉजी लैब स्थापित की गई है। इन जांचों के साथ ही चिकित्सक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। दूसरे चरण में इन गांवों में आजीविका संवर्धन के काम भी किए जाएंगे।

इस अवसर पर मेयर कल्पना देवलाल, अभिनेता हेमंत पांडे, उपाध्यक्ष सीमांत सेवा फाउंडेशन ललित पंत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़कों के दोनों ओर खड़े वाहन बने मुसीबत

■ **समस्या का समाधान करेगा कौन पुलिस या पालिका?**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लोहाघाट। शहर की सड़कों व गलियों में आम आदमी का पैदल चलना तक दूभर हो गया है। सड़कों के दोनों और बेतरतीब खड़े रहने वाले वाहनों के चलते नगर में यह समस्या विकराल रूप ले चुकी है। पर समस्या का समाधान करने के लिए ना तो पुलिस तैयार है और ना ही नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का दावा करने वाली नगर पालिका।

नगर की नैनीताल बैंक रोड स्थाई बाइक पार्किंग में बदल चुकी है सड़क में दोनों और खड़े रहने वाली बाईको के चलते आम जनता का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है कभी भी यहां बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसके अलावा नगर का गांधी चौक, अस्पताल रोड ,अस्पताल के सामने मीना बाजार को जाने वाली सड़क , मीना बाजार चौराहा, मीना बाजार रोड, थाना रोड पूरी तरह वाहनों के कब्जे में आ चुकी है। जिस कारण आम जनता को काफी



दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पर समस्या का समाधान करने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। हालांकि लोहाघाट पुलिस के द्वारा नगर की सड़कों को पार्किंग समझकर कर खड़े रहने वाले वाहनों से मुक्ति दिलाने का दावा तो किया जाता है पर उस पर अमल नहीं किया जाता है। यही हाल नगर पालिका लोहाघाट के हैं जिनके कंधों पर नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की जिम्मेदारी है, पर पालिका के द्वारा समस्या को देख कर भी अनदेखा किया जाता है। कई बार लोगों के द्वारा इस समस्या के समाधान की मांग पुलिस व पालिका से की गई पर समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया है।

मामले को कभी गंभीरता से लिया ही नहीं लिया गया मामले को बैठकों तक ही सीमित रखा गया।लोगों ने कहा आज नगर की ऐसी कोई सड़क व गली नहीं है जहा वाहन स्वामीयो के द्वारा अपना कब्जा नहीं जमाया गया है ।उन्हें आम जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है पुलिस कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। लोगों ने कहा अब समस्या के समाधान की मांग भी करें तो किस से करें मामले में न तो पुलिस संज्ञान लेती है और ना ही प्रशासन। दो दिन का अभियान चला कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। जिसका खामियाजा आज नगर की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# प्रतिभाओं को तरासने में लगा है लड़वाल फाउंडेशन

■ **मॉडल जिले के मेधावी, गरीब छात्र-छात्राओं के लिए मजबूत सहारा बने हुए हैं नरेंद्र लड़वाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मॉडल जिले में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा एवं परीक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं के एक दशक के परिणाम में नजर दौड़ाएं तो यहां के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में अपनी लगन से गगन छूने का प्रयास कर शिक्षा के मामले में एकाधिकार जमाए।



शहरी विद्यालयों को संद. ेश दिया जा रहा है कि 'हम भी किसी से कम नहीं हैं' । यह परिवर्तन एवं स्पर्धा की भावनाएं उन्हें लड़वाल फाउंडेशन से मिली है । जो गरीब एवं मेधावी प्रतिभाओं को तरा. सने के लिए प्रतिवर्ष सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें पुरस्कार से सम्मानित करते हुए उनका बहुत बड़ा सहारा बने हुए हैं।

स्वत्थान एवं लड़वाल फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष इंटरमीडिएट में जिले के टॉपर आने वाले बच्चों को 51 हजार, दूसरे व तीसरे स्थान में रहे बच्चों को 31 व 21 हजार इसी प्रकार हाई स्कूल में यह रहा राशि 31, 21 एवं 11 हजार रुपये दी जाती है। यही नहीं राज्य की मेरिट सूची में यदि कोई बच्चा प्रथम 25 सूची में अपना नाम दर्ज करता है तो उसे भी यह पुरस्कार देकर उसका उत्साह वर्धन किया जाता है । यदि बच्चों के समान अंक मिलते हैं तो उन्हें भी बाकायदा वही प्रोत्साहन धनराशि दी जाती है । इस वर्ष 10 वां प्रोत्साहन कार्यक्रम 19 मई को इंडस नेशनल स्कूल लड़वाल स्टेट चंपावत में आयोजित होने जा रहा है ।जिसमें विशिष्ट जनों द्वारा इन बच्चों को प्रोत्साहन राशि देकर कर उनकी पीठ थपथपाई जाएगी ।

## शिक्षा की ज्योति से चंपावत जिले को आलोकित करते आ रहे हैं लड़वालः बिष्ट



**चंपावत।** अपनी ईमानदारी एवं बच्चों के प्रति पूर्ण समर्पण का भाव रखने वाले मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट का कहना है कि जिले में श्री लड़वाल दीप से दीप जलाकर उसकी ज्योति से मॉडल जिले को आलोकित करने के जो प्रयास कर रहे हैं ,उसके परिणाम हमारे सामने है। इसे हम दुर्भाग्य की कहेंगे कि राजकीय विद्यालयों के शैक्षिक स्तर में लगातार सुधार करने के बावजूद भी हम अपने यहां छात्र संख्या को नहीं बढ़ा पा रहे हैं । किंतु लड़वाल फाउंडेशन की प्रेरणा से हमारे प्रयासों को आशातीत बल मिला है ।

जब दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के नाम हम मेरिट सूची में देखते हैं तो ,हमें गर्व का अनुभव होता है कि शिक्षा की ज्योति को अखंड बनाए रखने के लिए श्री लड़वाल जैसे लोग लगातार घी देने का काम कर रहे हैं ।

# आयकर रिटर्न जारी न होने पर टैक्स बार में नाराजगी, वित्त मंत्रालय को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** वित्त वर्ष 2025-26 के आयकर रिटर्न अब तक पोर्टल पर उपलब्ध न कराए जाने को लेकर रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन ने रोष जताया है। टैक्स अधिवक्ताओं ने आयकर कार्यालय रामनगर के माध्यम से वित्त मंत्रालय को ज्ञापन भेजते हुए इस देरी को करदाताओं के अधिकारों के साथ गंभीर खिलवाड़ बताया है।

एसोसिएशन का कहना है कि हर वर्ष एक अप्रैल से ही नया रिटर्न उपलब्ध हो जाना चाहिए, लेकिन इस वर्ष लगभग डेढ़ माह बीतने के बाद भी रिटर्न फॉर्म जारी नहीं किया गया है। कहा कि करदाताओं के बैंकिंग, वीजा व वित्तीय कार्य बाधित हो रहे हैं। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार अप्रैल से जुलाई तक चार महीने रिटर्न दाखिल करने की सुविधा देती है, लेकिन इस देरी से करदाताओं को वास्तव में केवल दो माह ही मिलेंगे, जो अन्यायपूर्ण है। उन्होंने मांग की है कि रिटर्न फॉर्म में हुई देरी के अनुपात में अंतिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाकर 30 सितंबर की जाए। साथ ही यह भी आग्रह किया गया कि रिटर्न फॉर्म समय पर जारी न करने वाले अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि इस प्रकार की देरी, करदाताओं से 'लेट फीस' के नाम पर अघोषित वसूली के समान है।

रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन ने एक रिसॉर्ट में बैठक भी की। बैठक में संगठन के संविधान में महत्वपूर्ण संशोधन को भी पारित किया गया। अब कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि जो सदस्य कार्यकाल के दौरान बैठक में न्यूनतम उपस्थिति पूरी नहीं कर पाएंगे, वे आगामी चुनाव में प्रत्याशी बनने के पात्र नहीं होंगे। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे ने की, जबकि संच. ालन उपसचिव मनु अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रबल बंसल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज, प्रेस प्रवक्ता गुलरेज रजा, कोषाध्यक्ष विशाल रस्तोगी, सागर भट्ट , एडवोकेट फैजुल हक, संजीव अग्रवाल, मनोज



अग्रवाल, राकेश राही, भोपाल रावत, रोहित माहेश्वरी, जीशान मलिक, मनोज बिष्ट, लईक अहमद और आयुष अग्रवाल सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# एनयूजेआई रामनगर की इकाई का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट-इंडिया, उत्तराखंड की रामनगर कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

एनयूजे-आई, उत्तराखंड के मुख्य प्रदेश संरक्षक संजय तलवार, प्रदेशाध्यक्ष सुनील दत्त पांडे, प्रदेश महासचिव डॉ. नवीन जोशी, कुमाऊं मण्डल सचिव दिनेश जोशी, नैनीताल जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी एवं महामंत्री राजू पांडे के निर्देश पर नगराध्यक्ष डा. जफर सैफी के द्वारा नगर कार्यकारिणी का गठन करते हुये संरक्षक हेतु वरिष्ठ पत्रकार हरीश भट्ट , वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रसैन कश्यप, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नाजिम सलमान, महिला उपाध्यक्ष रूबीना सैफी, महिला उपाध्यक्ष विमला अधिकारी, महासचिव हेतु चन्द्रशेखर जोशी, सचिव हेतु जुगेश अरोड़ा बंटी, सचिव हेतु नितेश जोशी, सचिव हेतु विक्की कश्यप, सचिव हेतु रागिब खान, कोषाध्यक्ष हेतु मौ. कैफ खान, संगठन मंत्री हेतु नदीम वारसी, प्रचार मंत्री हेतु फरीद कुरैशी, सदस्य हेतु अनिल पाठक व रोहित भट्ट, विशेष आमत्रिंत सदंस्य हेतु राजीव अग्रवाल मोनू, गिरीश चन्द्र पांडे, नावेद सैफी को मनोनित किया गया है।

पूर्व में संगठन से जुड़े नगर के पत्रकार हरीश भट्ट को कुमॉऊ मण्डल सचिव, गिरीश चन्द्र पाण्डे को नैनीताल जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष, राजीव अग्रवाल मोनू व नावेद सैफी नैनीताल जिला सचिव मनोनित किया जा चुका है। नव मनोनित सभी पदाधिकारियो को एनयूजे-आई से जुड़े पदाधिकारियो व सदस्यगणो के द्वारा बधाई देते दी गई है।

# सभासद प्रतिनिधि और सफाई कर्मियों के बीच हंगामा

■ **नगर पालिका गदरपुर फिर विवादों के घेरे में, आखिर कैसे सुलझेंगे आपसी विवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** हमेशा सुर्खियों में रहने वाली नगर पालिका फिर एक बार विवादों में घिरती नजर आ रही है। प्रदेश में हुए निकाय चुनाव के बाद गदरपुर में भी नए बोर्ड का गठन हुआ और सभी सभासदों सहित पालिका अध्यक्ष को पद ओर गोपनीयता की शपथ सात फरवरी को उप जिलाधिकारी के माध्यम से दिलाई गई। शपथ समारोह के बाद से ही नए बोर्ड में आपसी फूट देखने को मिली। पालिकाध्यक्ष सभासदों को अपने पलड़े में करने के लिए जगह-जगह मीटिंग कर उन्हें रिझाने का काम करते नजर आए तो वहीं अधिशासी अधिकारी शपथ समारोह में हुए



अपने निजी खर्चे का दुखड़ा सुनाते नजर आ रहे हैं और जिनकी चेयरमैन से हिसाब को लेकर नाराजगी भी सामने नजर आई है। एक युवक ने बताया कि पालिका में सभासद से ज्यादा उनके प्रतिनिधियों की तानाशाही चलती है।

अब इन सब हालातों में नगर पालि. का ऐसा क्या काम जनता के लिए कर पाएगी जो मिसाल बनकर सामने आए। कुछ भी हो चुनाव को निपटे लगभग चार माह होने वाले हैं, लेकिन पालिका बोर्ड अपनी ही आपसी कलह को सुलझाने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं शनिवार को नगर पालिका गदरपुर में पालिका अंतर्गत होने वाले दैनिक बाजार तहबाजारी, बुध बाजार, मछली पालन तालाब और टुकटुक के ठेके की खुली बोली के बाद नगर में कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी भी अपना दुखड़ा सुनाते नजर आए।

इसी बीच वार्ड नंबर 2 से सभासद प्रतिनिधि इदरीश और सफाई कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई। नोकझोंक के चलते भारी हंगामा हो गया और मामला बिगड़ते देख किसी तरह अधिशासी अधिकारी संजीव मल्होत्रा ने मोर्चा संभाला और सफाई कर्मियों को आश्वासन दिलाया कि उनकी मांगों को सुना जाएगा।

सफाई कर्मियों के सुपरवाइजर उमेश ने आरोप लगाया कि सभासद प्रतिनिधियों की तानाशाही नहीं चलेगी, जो सभासद हो सिर्फ उसकी ही बात को सुना जाएगा और सफाई कर्मियों की संख्या को बढ़ाए जाने की मांग भी की। सफाई कर्मचारियों को वर्दी/ड्रेस दी जाए।

वहीं अधिशासी अधिकारी ने सभी मांगों को सुनते हुए उच्च अधिकारियों से वार्तालाप करने के बाद निस्तारण का आश्वासन दिया। किसी तरह सफाई कर्मियों का मामला शांत तो हुआ, लेकिन कब तक यह मामला शांत रह पाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# समाज में नवचेतना लाने में मीडिया की भूमिका अहम: दीपक रावत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग की और से एमबीपीजी कॉलेज के लाल बहादुर सभागार में शनिवार को नारद जयंती एवं पत्रकार

## नारद जयंती पर पत्रकार सम्मान समारोह

सम्मान समारोह आयोजित हुआ। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. कमल कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का मुख्य वक्ता सह क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख तपन, प्रांत संघचालक डा. बीएस बिष्ट, व्यवसायी रितेश गुप्ता, सह प्रांत प्रचार प्रमुख डा. बृजेश बनकोटी, हेम पांडे, जिला संघचालक डा. नीलाम्बर भट्ट, एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र सिंह बनकोटी ने कार्यक्रम का



शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता सह क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख तपन ने कहा कि देवर्षि नारदजी आद्य पत्रकार के रूप में जाने जाते हैं। तीनों लोकों में संवाद करने के साथ ही वह उचित सुझाव और समाधान भी देते थे। नारदजी की संवाद शैली में लोक-मंगल का भाव था। प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड भी आद्य पत्रकार नारदजी के पत्रकारीय आदर्शों से प्रेरित था। इससे ज्ञात होता है कि भारत का विचार और परंपरा हमेशा से ही विश्व कल्याण की रही है। उन्होंने कहा कि कई बार भारत को बदलने की कोशिश हुई, बाहरी शक्तियों ने कई प्रयास किए, लेकिन ऐसा करने सफल नहीं हुए। इसकी बड़ी वजह, क्योंकि भारत की व्यवस्था सत्ता आधारित नहीं बल्कि समाज आधारित रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने समाज में नवचेतना लाने में मीडिया की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा कि आधु. निकीकरण के साथ सूचना प्रेषण और प्राप्त करने के तरीके भी बदल गए। तकनीकी विकास के साथ समाचार काफी तेजी से प्राप्त हो रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों की जानकारी भी आसानी से मिल रही है। यह सूचना क्रांति को दर्शाता है। इधर पत्रकारिता क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इसमें सुरेन्द्र सिंह नेगी, दीप सिंह बिष्ट, चंद्रेश पांडे, दिनेश पांडे, पवन जोशी पहाड़ी, बागेश्वर से सीमा खेतवाल, अल्मोड़ा से नवीन बिष्ट, ऊधमसिंह नगर से ललित राठौर को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख भगवान सहाय, विभाग प्रचारक इंद्रमोहन, जिला प्रचारक जीतेंद्र, जिला कार्यवाह राहुल जोशी, नगर संघचालक विवेक कश्यप, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्या, विधायक लालकुआं डा. मोहन सिंह बिष्ट, भुवन जोशी, डा. नवीन शर्मा, प्रदीप लोहनी, ने किया। कार्यक्रम में धीरेश पांडे, अनुज गुप्ता, आनंद मेर आदि मौजूद रहे।

## 'फूले' फिल्म का हल्द्वानी में आज विशेष प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कल यानि आज रविवार को हल्द्वानी के लक्ष्मी सिनेप्लेक्स में महात्मा ज्योतिबा फूले और सावित्री बाई फूले के योगदान पर आधारित फिल्म 'फूले' का विशेष प्रदर्शन होगा। पहले यह फिल्म केवल देहरादून में दिखाई जा रही थी, लेकिन सामाजिक संगठनों की पहल पर इसे हल्द्वानी में प्रदर्शित किया जा रहा है। फिल्म का पहला शो कल यानि आज रविवार को सुबह 11 से 1 बजे तक होगा। जिसकी सभी सीटें 14 मई को बुक हो चुकी हैं। इसके बाद एक और शो डेढ़ बजे से साढ़े तीन बजे तक रखा गया है। फिल्म में फूले दंपत्ति द्वारा महिलाओं की शिक्षा के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्य को दिखाया गया है, जब 1848 में उन्होंने लड़कियों के लिए पहला विद्यालय खोला था। युवाओं ने इस फिल्म को शैक्षिक क्रांति के रूप में सराहा और फूले दंपत्ति के योगदान को याद किया। अगर दर्शकों की मांग बढ़ी, तो फिल्म को वॉक वे मॉल और अन्य स्थानों पर भी दिखाई जा सकती है।

# खनिज न्यास निधि के कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जिला खनिज फाउंडेशन न्यास प्रबंधन समिति की शासी परिषद की बैठक शनिवार को जिला. धिकारी वंदना की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय हल्द्वानी में संपन्न हुई। बैठक में खनिज न्यास निधि के अंतर्गत विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृत प्रदान की गई। जिसमें खनिज प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा एवं पेयजल सुविधाएं विकसित करने के लिए विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। शिक्षा में सुधार व आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित 49 कार्यों को तथा पेयजल से सम्बंधित 9 कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई, जिनके अनुरूप संबंधित विभागों को धनराशि आवंटित की जाएगी। इस बार खनिज न्यास की धनराशि को खनन क्षेत्रों में स्थित जीर्ण शीर्ण विद्यालयों के पुनर्निर्माण तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं में खर्च किए जाने को प्राथमिकता दी गई। जिलाधिकारी



ने विभाग को जनपद के ऐसे सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के प्राक्कलन देने के निर्देश दिए जिनमें भवन तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसके अतिरिक्त बैठक में विगत वर्षों में जिन विभागों द्वारा खनिज न्यास निधि के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के लिए धनराशि ली गई थी, उससे किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला. धिकारी ने इन विभागों को शीघ्र ही उपभोग प्रमाण पत्र फोटोग्राफ एवं थर्ड पार्टी परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि इन विभागों को अवशेष 25 प्रतिशत की धनराशि शीघ अवमुक्त की जा सके। इस संबन्ध में 15 दिन में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश अधिका. रियों को दिए। इसके साथ ही बैठक में समिति द्वारा शिक्षा और पेयजल के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों को खनन न्यास निधि से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, जिला खान अधिकारी ताजवार सिंह नेगी सहित विभिन्न कार्यकारी संस्थाओं के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# 20 को प्रदर्शन करेंगी आशाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) की हल्द्वानी ब्लॉक की बैठक महिला अस्पताल परिसर में आयोजित की गई, जिसमें 20 मई को बुधपार्क हल्द्वानी में प्रदर्शन और रैली करने का ऐलान किया गया। इस प्रदर्शन में आशा वर्कर्स न्यूनतम वेतन 35,000 रुपये, राज्य कर्मचारी का दर्जा, पेंशन, अस्पताल में सम्मानजनक व्यवहार, और अन्य मांगों को लेकर अपनी आवाज उठाएंगी। बैठक में प्रदेश महामंत्री डा. कैलाश पाण्डेय ने केंद्र और राज्य सरकार पर आशा वर्कर्स का शोषण करने का आरोप लगाया और मांग की कि उन्हें श्रमिक का दर्जा, मासिक वेतन और पेंशन मिले। ब्लॉक अध्यक्ष रिंकी जोशी ने कहा कि सरकार ने आशा वर्कर्स



को अधिक काम सौंप दिया है, लेकिन उन्हें उचित वेतन और सम्मान नहीं मिल रहा। ब्लॉक सचिव रीना आर्य ने भी वेतन में देरी और शोषण के मुद्दे पर नाराजगी जताई। बैठक में सरोज रावत, प्रीति रावत, सायमा सिद्दकी, रमा भट्ट, ज्योती, मालती देवी, अंजना, कमला गोस्वामी, मीना शर्मा, आशा, कमला, रोशनी, गंगा बिष्ट, तुलसी आर्या, विनिता आर्य, सावित्री भंडारी, रश्मि जोशी, स्वाति, पुष्पलता, भगवती, दमयंती, मधु, छाया आर्या, चन्द्रकला अधिकारी, विमला पांडे, कमला बिष्ट, सुनीता, प्रभा चौधरी, कमला कंडारी, गीता पलड़िया, विमला पाण्डे आदि मौजूद रहे।

## बीएसएनएल कार्यालय में चोरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रोडवेज बस स्टेशन के पास स्थित बीएसएनएल कार्यालय में एक चोर घुस गया और वहां से एक बैग चुराकर फरार हो गया। चोरी की यह घटना कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वायरल वीडियो में चोर को कार्यालय से बैग लेकर बाहर निकलते देखा जा सकता है। शनिवार को जब यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर सामने आया, तो पुलिस ने इसकी जांच शुरू की। कोतवाल राजेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया बैग में लैपटॉप होने की आशंका है। हालांकि, बीएसएनएल विभाग की ओर से अब तक पुलिस को कोई लिखित शिकायत (तहरीर) नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद ही मामले की पूरी जानकारी सामने आ सकेगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारत फाइनेंशियल के कर्मी निकले जालसाज

### चार पर एफआईआर, जिन ग्राहकों के लिए फिंगर प्रिंट उन्हें टरका पास कराया लोन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** व्यापारियों को व्यापार बढ़ाने के लिए लोन देने वाली भारत फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड कंपनी के कर्मी जालसाज निकले। उन्होंने ग्राहकों को लोन देने के लिए बुलाया, लेकिन लोन दिया नहीं। ग्राहकों की पीठ पीछे लोन पास कराए और अपने निजी उपयोग में ले लिए। जालसाजों ने साढ़े 17 लाख रुपए से अधिक की ठगी को अंजाम दिया। इस मामले में कंपनी के टेरेट्री मैनेजर ने कोतवाली में चार कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। काजीपाड़ा आगरा उत्तर प्रदेश स्थित फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेज कंपनी के टेरेट्री मैनेजर बिनाका पुत्र तुलसीदास ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी की एक शाखा हल्दू पोखरा फूलचौड़ में है। यहां अर्जुन पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम ललितपुर पोस्ट हल्दा, सखनपुर, रामनगर, केशव सिंह पुत्र सुनील पाल निवासी गुलरिया खुर्द जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश, सचिन सिंह पुत्र सतपाल सिंह निवासी ग्राम असलतपुर, पोस्ट रेवाड़ी कला, शाहबाद जिला रामपुर उत्तर प्रदेश और संदीप कुमार सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम पीपलसाना, रामपुर लोन अफसर के तौर पर काम करते हैं। मैनेजर का आरोप है कि उक्त लोगों ने अपने पद का दुरुपयोग किया। आरोपी, ग्राहकों को झूठ बोलते कि मैं तुम्हारा लोन चेक कर रहा हूं कि पास है या नहीं। ग्राहकों से फिंगर लगवाते और उनका खाता खोलकर एटीएम किट अपने पास रख लेते थे। ग्राहकों के खाते में ग्राहकों का मोबाइल नंबर न जोड़कर अपना या दूसरा मोबाइल नंबर जोड़ देते। ताकि ओटीपी खुद हासिल कर सकें। इसके बाद पुन: एलिजिबिलिटी चेक करने के बहाने ग्राहकों का फिंगरप्रिंट लेते और उनका लोन कूट रचित घ्तरीके से खोले गए उनके खातों में वितरण कर ग्राहकों को बोल दिया जाता कि आप लोगों की एलिजिबिलिटी नहीं बन रही है और आपका लोन नहीं हो सकता। बाद में उनका पैसा एटीएम के जरिये खुद निकाल कर गबन कर लेते और ग्राहकों को इसकी भनक भी नहीं लगती कि उनका लोन भी हो गया है। बताया जा रहा कि हल्द्वानी। टेरेट्री मैनेजर के मुताबिक इस पूरे प्रकरण में सिर्फ लोन अफसर शामिल नहीं थे। बल्कि शाखा के मैनेजर और क्रेडिट हेड ने भी पूरा साथ दिया। टेरेट्री मैनेजर ने पुलिस को बताया कि शाखा मैनेजर अवनीश कुमार पुत्र राजपाल सिंह, भरतपुर पोस्ट कुंडा, तहसील जसपुर ऊधमसिंह नगर का रहने वाला है। जबकि क्रेडिट हेड संजय कुमार पुत्र दिनेश चंद्र, ग्राम देवीपुर, चंद्रनगर नैनीताल का रहने वाला है। इस तरह से आरोपियों ने 17,52,332 लाख रुपए गबन कर लिए। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कंपनी के चार कर्मियों संग शाखा प्रबंधक और क्रेडिट हेड पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जनता की शिकायतों पर आयुक्त ने दिए त्वरित निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आयुक्त एवं मुख्यमंत्री सचिव दीपक रावत ने शनिवार को जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से संवाद कर जनसमस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। तीनपानी ओवर ब्रिज व बाईपास से जुड़ी



समस्याओं पर विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, स्थानीय लोगों व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान के निर्देश दिए गए। अंडरपास की स्वीकृति होने पर निर्माण शीघ्र शुरू करने को कहा गया। जनता मिलन कार्यक्रम में हल्द्वानी निवासी नेहा द्वारा गिरवी रखे 22 तोला सोने की शिकायत पर भी आयुक्त ने सुनवाई की। ज्वैलर्स द्वारा स्वीकारोक्ति के बाद, बिना लाइसेंस ब्याज पर लेन-देन को अपराध बताते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा कई अन्य शिकायतों पर भी तत्काल संज्ञान लिया गया। गौलापार निवासी धर्मानंद की वृक्ष कटान, दिल्ली में रह रहे ग्राम प्रधान की शिकायत, रामनगर में भूमि कब्जा, सड़क निर्माण में गुणवत्ता की कमी जैसी शिकायतों पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## तीन चोर रंगेहाथ पकड़े

**हल्द्वानी।** कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र के शेखावतगंज इलाके में चोरी की को. शिश कर रहे तीन चोरों को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया, जबकि एक आरोपी मौके से तांबे और पीतल के बर्तन लेकर फरार हो गया। भोटियापड़ाव निवासी रंजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 15 मई की रात उनकी पत्नी बलवीर कौर को रिश्तेदार कवलजीत सिंह ने फोन पर सूचना दी कि शेखावतगंज स्थित उनके मकान में कुछ लोग ताला तोड़कर घुस गए हैं। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने तीन चोरों को पकड़ लिया, जबकि चौथा आरोपी साहिल चोरी का सामान लेकर भाग निकला। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पकड़े गए तीनों आरोपियों लक्की मौर्या, कन्हैया कुमार और अमित कुमार निवासी जवाहर नगर, हल्द्वानी को गिरफ्तार कर लिया।

# लाखों रुपये लेकर चोर फरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते दिनों घर से चोर लाखों के जेवरात व एक लाख रूपये लेकर फरार हो गए और पीड़ित मुकदमा

## पुलिस के चक्कर काटता रहा पीड़ित, फिर की ई-एफआईआर

दर्ज कराने के लिए पुलिस के चक्कर काटता रहा। जब उसकी सुनवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने ई-एफआईआर दर्ज की। जिसके बाद मजबूरन होकर मुखानी पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया। बता दें कि मुखानी थानाक्षेत्र के भगवानपुर कठघरिया में रहने वाले एक व्यक्ति यहां अपनी मां, पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता है, और वह एक सरक. ारी कर्मी भी हैं। पीड़ित ने बताया कि बीते दो मई को वह अपने परिवार के साथ गंगोलीहाट पिथौरागढ़ भांजे की शादी में शामिल होने गए थे। शादी समारोह से जब वह 8 मई को वापस लौटे तो घर के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की और 1 लाख की नगदी के साथ दो लाख रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा कि सरकारी कर्मी के घर चोरी करने वाले चोरों ने नगदी और जेवर के साथ उन औजारों पर भी हाथ साफ किया, जिसके जरिये वो दूसरी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। इन औजारा में सरकारी कर्मी के घर में रखे प्लास, रिंच, कटर और फ्लॉवर शामिल है। यह घटना 4 मई की और इसकी खुलासा तब हुआ जब पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। घटना स्थल से कुछ दूरी पर लगे एक सीसीटीवी फुटेज में तीन शातिर नजर आए हैं। घटना के बाद वह पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने भरोसा तो दिया, लेकिन 8 मई को तहरीर लेने के बाद भी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि हर दिन पुलिस ने उन्हें आश्वासन देकर इधर-उधर घूमाती रही। जिससे मजबूरन होकर उन्होंने ई-एफआईआर दर्ज कराई। ई-एफआईआर दर्ज होने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया। इधर सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि पुलिस चोरों के नजदीक है और जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# शराब पीकर होटल में हुड़दंग, मारपीट

**नैनीताल।** हल्द्वानी-नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग में शुक्रवार देर रात्रि साढ़े दस बजे भुजियाघाट चौराहे के ऊपर पोलोमैक्स होटल रेस्टोरेंट में शराब के नशे में घुसे दर्जन भर युवकों ने जमकर तोड़फोड़/मारपीट की और उत्पात मचाया। इस दौरान होटल मालिक का पुत्र समेत भाई और एक कर्मचारी घायल हो गया जबकि पत्नी बाल बाल बच गई। दूसरी ओर घायलों को उपचार के लिए रात्रि में ही हल्द्वानी निजी अस्पताल भेज दिया गया था। होटल मालिक कुंदन सिंह जीना ने बताया कि रात्रि साढ़े दस बजे वह अपने ग्राहकों को खाना खिला रहे थे कि इसी दौरान शराब के नशे में धुत्त दर्जन भर लडके होटल परिसर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर युवकों ने होटल में तोड़फोड़ और मारपीट शुरू कर दी। होटल मालिक का कहना है कि इस दौरान उनकी पत्नी के सिर पर बोतल फेंकी गई संयोगवश बोतल लगी नहीं जबकि मारपीट में पुत्र यशवंत जीना तथा भाई युवराज सिंह और कर्मचारी धर्मेंद्र यादव घायल हो गए। इस मामले में ज्योलीकोट चौकी प्रभारी श्याम सिंह बोरा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस कर्मियों के साथ वह मौके पर पहुंचे और हल्द्वानी के आसपास के इलाकों के चार युवकों का मेडिकल कराया गया जबकि घायलों को इलाज के लिए पहले ही हल्द्वानी भेज दिया गया था। इस संबंध में किसी भी पक्ष से लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# निजी स्कूलों के खिलाफ धरना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** निजी स्कूलों द्वारा हर वर्ष फीस बढ़ाने के विरोध में चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने शनिवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरनास्थल पर हुई सभा में एकत्र हुए अभिभावकों ने भी आरोप लगाया कि न तो शासन और न ही प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है। इसके परिणामस्वरूप निजी स्कूल मनमाने तरीके से फीस बढ़ाते जा रहे हैं। जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। संयुक्त समिति के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि आखिर हम आम जनता अपनी पीड़ा किसे सुनाएं? हर जगह हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। क्या हमने राज्य आंदोलन इस दिन के लिए



किया था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो राज्य आंदोलनकारी जन आंदोलन शुरू करेंगे और प्रत्येक जनप्रतिनिधि व अधिकारी के घर जाकर उन्हें जगाने का प्रयास करेंगे। जिसके बाद समिति ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी भेजा। धरना प्रदर्शन में राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सुयाल, डा. बालम सिंह बिष्ट, ठाकुर चंद्र मोहन सिंह, भुवन जोशी, सुशील भट्ट, दीपक पांडे, राजेंद्र सिंह, नीरज आर्य, ईशाक खान, गोपाल आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी उस्मान की जमानत पर सुनवाई टली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के गंभीर आरोप में गिरफ्तार 73 वर्षीय मोहम्मद उस्मान की जमानत याचिका पर सुनवाई टल गई है। अब इस पर 20 मई को पुन: सुनवाई होगी। न्यायालय ने इस मामले में पुलिस को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। बता दें कि बीते 30 अप्रैल को नैनीताल के मल्ली थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। आरोपी मोहम्मद उस्मान की गिरफ्तारी के बाद इलाके में भारी जनाक्रोश देखने को मिला। हालात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उस्मान को लोगों की नजरों से बचाकर हल्द्वानी जेल में स्थानांतरित किया था। 1 मई को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसके बाद पॉक्सो कोर्ट में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में उस पर हमला करने की भी कोशिश की गई थी। आरोपी की ओर से अधिवक्ता मनीषा भंडारी ने जमानत याचिका दाखिल की थी, जिस पर आज शनिवार को सुनवाई प्रस्तावित थी। लेकिन तकनीकी कारणों से यह सुनवाई टाल दी गई। अब यह याचिका 20 मई को कोर्ट में सुनी जाएगी। एडीजीसी हेमा सुयाल ने बताया कि कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वे घटना की विस्तृत रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करें, ताकि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जा सके।

# 103 राशन कार्ड मिले अपात्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में किए गए राशन कार्ड सत्यापन अभियान में कुल 495 राशन कार्डों की जांच की गई, जिसमें 103 राशन कार्ड अपात्र

## बनभूलपुरा क्षेत्र में सत्यापन अभियान

पाए गए। इन अपात्र राशन कार्डों में सफेद प्राथमिक परिवार, गुलाबी अंत्योदय कार्ड और पीले राज्य खाद्य योजना के राशन कार्ड शामिल हैं। उक्त जानकारी देते हुए पूर्ति अधिक. ारी राहुल डांगी ने बताया कि डीएम और जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर यह सत्यापन अभियान चलाया जा



रहा है। इसके साथ ही, हल्द्वानी के नगरीय क्षेत्रों में भी राशन कार्ड सत्यापन अभियान की शुरुआत की गई है। कुमाऊं आयुक्त द्वारा सत्यापन के लिए टीमों का गठन किया गया है, जिसमें पूर्ति विभाग, तहसील कार्यालय से राजस्व उप निरीक्षक, नगर निगम से कर राजस्व निरीक्षक और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिक. ारी हल्द्वानी द्वारा भी सत्यापन टीमों का गठन किया गया है, जिसमें पूर्ति विभाग और खंड विकास कार्यालय हल्द्वानी के कर्मी शामिल हैं। इस अभियान के माध्यम से अपात्र राशन कार्ड धारकों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मुक्त विवि में यूसीसी पर वेबिनार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड 2024 विषय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सफल वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े प्रबुद्ध जन, शोधार्थी, छात्र और विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। वेबिनार के विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर हरबंश दीक्षित ने समान नागरिक संहिता के विभिन्न पहलुओं को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रतिभागियों को इसके सामा. जिक, कानूनी और संवैधानिक प्रभावों से अवगत कराया और विच. ारों की प्रभावशाली श्रृंखला के साथ वेबिनार को सारगर्भित बनाया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचि. चव, विधि विभाग निदेशक प्रोफेसर कमल देवलाल और समन्वयक डा. दीपांकुर जोशी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर स्वाति उपाध्याय, अंशु जोशी, दिग्विजय सिंह पथनी, ऋतंभरा नैनवाल ने वेबिनार के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने विषय की गहराई और प्रासंगिकता की सराहना करते हुए कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया।

# पूर्व क्रिकेटर भागवत जोशी नहीं रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं क्षेत्र के प्रसिद्ध बल्लेबाज और हल्द्वानी के क्रिकेट इतिहास के दिग्गज (65) भागवत जोशी का निधन हो गया। उनके निधन से हल्द्वानी क्रिकेट जगत में

## निधन पर शोक की लहर

शोक की लहर दौड़ गई है। श्री जोशी का क्रिकेट करियर शानदार रहा, उन्होंने अपने जीवन में कई शतकों की अद्वितीय पारी खेली और हल्द्वानी क्रिकेट को अपनी बल्लेबाजी से गौरवान्वित किया। उनकी पेशेवर यात्रा की बात करें तो, वह वर्तमान में कीर्तिका कंप्यूटर के मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा उनके सुपुत्र भी उत्तराखंड रणजी क्रिकेट टीम से खेल चुके हैं, जो उनके परिवार का भी



क्रिकेट में अहम योगदान था। जोशी के निधन पर हल्द्वानी के क्रिकेट प्रेमियों और खेल अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया। शोक संवेदना देने वालों में वरिष्ठ और कनिष्ठ क्रिकेटर शामिल रहे, जिनमें राजीव मेहता, उप खेल निर्देशक रसिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, क्रिकेटर कोच त्रिलोक सिंह जीना, डा. आरके शर्मा, दीपक मेहरा, प्रवीन चोपड़ा, परमजीत सिंह, आलोक सक्सेना, मोहम्मद रेहान, होशियार सिंह, सुबोध कुमार सिंह, हर्ष गोयल, विनोद बर्मा, विजय कुकशाल, सतीश कुमार गुप्ता, रणजीत सिंह बिष्ट, मोहन बोरा, नवीन वर्मा, दान सिंह भंडारी, दान सिंह कल्याल, निशांत मेहता, अशोक कुमार पमी, सौरभ रावत, डिकसानशु नैगी, किशन अनेरी, लीला काडपाल, कमल पपनै, भुवन भट्ट, आनंद बिष्ट, महेंद्र बिष्ट, किशोर भंडारी, हेम पांडे, मुकुल पंत, विनय जोशी, भूपेंद्र सिंह, दलजीत सिंह, जगदीश बोरा, रविंद्र पाल सिंह कोहली, मन्नू जोशी, लोकेश नेगी, ललित पांडे सहित कई खेल प्रेमी शामिल थे।

# हजारों की नकदी के साथ धरा गया सटोरिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए बीती रात्रि एसओजी व बनभूलपुरा की संयुक्त टीम ने एक सटोरियें को निशान्त पब्लिक स्कूल वाली गली बनभूलपुरा से रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां, दो कैलकुलेटर, एक मोबाइल व 24700 की नगदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की रात्रि एसओजी प्रभारी संजीत राठौड व बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी की अगुवाई में संयुक्त टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी निशांत पब्लिक स्कूल वाली गली बनभूलपुरा के पास सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए भूरा पुत्र मौ. शफीक, निवासी ग्राम चकवा फाजलपुर थाना कुन्दरकी, जिला मुरादाबाद यूपी वर्तमान पता लाइन नंबर-1, गुलजारे वारिस मैरिज हाल बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया है। सटोरिये के पास से पुलिस ने सट्टे की पर्चियां, दो नोट बुक, 2 कैलकुलेटर, एक मोबाइल फोन, पेन सहित 24,700 रूपये की नगदी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, हैड़ कांस्टेबल ललित कुमार, कांस्टेबल संतोष बिष्ट शामिल रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिस बेटी को नाजों से पाला, उसकी मौत से आहत पिता ने भी दी जान

## भाग्यश्री का भाग्य: 6 माह की उम्र में मां चल बसी थी

**अफज़ल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** नैनीताल के बजून में पिता और पुत्री की आत्महत्या की घटना से नगरवासी स्तब्ध हैं। जिस बेटी की मां उसे 6 माह की उम्र में चल बसी और पिता ने नाजों से पाल पोंछ कर बड़ा किया और उच्च शिक्षा दिलाई, उसने कीटनाशक खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना से दुखी बाप ने भी जान देदी। भाग्यश्री में आत्महत्या से पहले इसकी जानकारी देर रात व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अपने दोस्तों को दी। जिसके बाद दोस्तो के परिजनों ने इसकी सूचना भाग्यश्री के पिता गोपाल को दी। जिसके बाद गोपाल बेटी के कमरे में पहुंचे जहां बेटी मूर्छित अवस्था में पड़ी थी। बेटी को मूर्छित अवस्था में देखकर पिता बदहवास हो गए और उसके बाद पिता ने भी आत्मघाती कदम उठाते हुए घर में रखा कीटनाशक घटक लिया। कीटनाशक घटकने के बाद गोपाल दत्त अपनी बेटी के कमरे से भागते हुए अपने पिता पदमा दत्त के कमरे में पहुंचे और उन्होंने अपने पिता को खुद जहर खाने की बात बताई लेकिन पिता उनकी बात को नजर अंदाज कर गए। क्योंकि गोपाल शराब पीने के आदि थे और अक्सर इस तरह की बातें किया करते थे। घटना वाली रात भी गोपाल ने अपने पिता को जहर खाने की बात कही तो पिता पहले उसे मजाक समझते रहे लेकिन जब देर रात गोपाल दत्त को उल्टियां होने लगी तो पिता पदमां दत्त के हाथ पांव फूल गए और पिता जब तक इसकी घटना किसी अन्य ग्रामीण को देते तब तक गोपाल की भी मौत हो गई। सुबह पद्मादत्त ने घटना की सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ग्राम प्रहरी के द्वारा पुलिस और राजस्व पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने बेटी और पिता को नैनीताल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बीडी पांडे अस्पताल के डाक्टर प्रशांत ओली ने बताया गोपाल और भाग्यश्री को ब्रॉड डेट अवस्था में अस्पताल लाया गया था। जिसके बाद दोनों सभा को मोर्चरी में भेज दिया गया।





### घर को राजस्व पुलिस ने किया सील

भाग्यश्री में जिस घर में आत्महत्या की पुलिस ने अब उसे घर को सील कर दिया है। जानकारी देते हुए पटवारी फहीम ने बताया प्रथम दृष्टि या दोनों की मौत का कारण कीटनाशक खाने से प्रतीत हो रहा है फिर भी मौत के स्पष्ट कारणों की जांच के लिए घटनास्थल को सील किया गया है अब मामले की जांच की जाएगी।

### बेहद मेहनती थी भाग्यश्री

19 साल की भाग्यश्री द्वारा उठाए गए इस कदम से गांव में सभी लोग स्तब्ध हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भाग्यश्री बेहद गरीब परिवार से थी जो अपने पिता के साथ-साथ गांव में मेहनत मजदूरी और घोड़ा चलाकर अपने पिता के साथ परिवार का भरण पोषण करती थी। इसके साथ ही पढ़ाई में भी अव्वल रहती थी जो नैनीताल के डीएसबी कॉलेज से स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा थी।

### दोस्त की शादी से खुशी खुशी लौट कर आई थी

नैनीताल में पोस्टमार्टम हाउस के बाहर पिता-पुत्री की मौत के बाद हर किसी की आंखें नम थी। स्थानीय लोगों ने बताया घटना वाले दिन गांव में भाग्यश्री की दोस्त की शादी थी और देर शाम भाग्यश्री उसकी शादी से खुशी-खुशी लौटकर आई और अपने कमरे में सोने चली गई इसके बाद उसने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। इस आत्मघाती कदम से कुछ देर पहले अपने भाई और परि. जनों से फोन पर बात भी की थी। बात चित में भाग्यश्री ना किसी प्रकार से परेशान दिखाई ना ही उसने इस तरह की बात किसी से की। मगर अचानक उसके इस आत्मघाती कदम से हर कोई हैरान है।

## भव्य रूप से मनाई जाएगी राजमाता अहिल्याबाई की जयंती

**अल्मोड़ा।** राजमाता शिव कामिनी अहिल्याबाई होलकर जयंती की तैयारियों को लेकर शनिवार को नगर के एक निजी होटल सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती को भव्य रूप से मनाया जाएगा। बताया कि संपूर्ण देश में 21 से 31 मई तक यह कार्यक्रम संपन्न होने है। जिसके तहत विधानसभा के 4 मंडलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वाले एनजीओ को शामिल किया जाएगा। बताया कि आगामी 19 मई को चौघानपाटा से शिखर तिराहे तक सिंदुर सम्मान रैली निकाली जाएगी। जिसमें कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या भी शिरकत करेंगी। आनंद डंगवाल को कार्यक्रम का मुख्य संयोजक नियुक्त किए गए हैं।

# कुलपति ने किया भीमताल परिसर के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने शनिवार को विवि के भीमताल परिसर में स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो.रावत ने परीक्षा की पारदर्शिता और सुचारू संचालन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा केंद्र में नकल मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय में नकल मुक्त परीक्षा प्रणाली को सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। कुल. पति प्रो. रावत ने कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय में नकल मुक्त परीक्षा प्रणाली को सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित स्टाफ से बातचीत कर परीक्षाओं के संचालन में आ रही चुनौतियों की जानकारी ली। कुलपति ने छात्रों की सुरक्षा और परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के उपरांत कुलपति प्रो. रावत ने भीमताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कुलपति ने बताया कि शैक्षणिक खंड का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है और निर्धारित समयसीमा के भीतर इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा विधि संकाय के नए भवन के निर्माण में कुलपति प्रो. रावत ने गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के दौरान छात्रों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। कहा कि कुमाऊँ विश्व. विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए अधोसंरचना विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए भवन न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएंगे बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस मौके पर प्रो. एलके सिंह, प्रो. अनिता सिंह तथा डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला सहित अन्य प्राध्यापक व कार्मिक उपस्थित थे।



# सत्यापन अभियान को लेकर सभासदों ने कोतवाली प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वर्तमान समय में जिला मुख्यालय नैनीताल में पुलिस की ओर से चलाए जा रहे सत्यापन के मामले में नगर पालिका परिषद के सभासदों ने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में सभासदों ने कई सुझाव दिए हैं। ज्ञापन में सभासदों ने कहा है कि पुलिस विभाग द्वारा नैनीताल नगर के विभिन्न वार्डो में निवासरत परिवारों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है, जनहित में कई बिंदुओं पर भी विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक कार्यवाही किया जाना उचित प्रतीत होता है। कहा है कि सत्यापन कार्य के दौरान नैनीताल नगर में स्थानीय नागरिकों के साथ मधुर एवं अनुकूल व्यवहार रखा जाय तथा जनहित में सत्यापन कार्य हेतु समय सीमा में विस्तार किया जाय साथ ही बाहरी व्यक्तियों को सत्यापन के दौरान किसी भी प्रकार की ढील न दी जाए तथा सख्ती से सत्यापन कार्य किया जाय। कहा कि बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन हेतु दस्तावेजों की सम्यक जांच की जाय तथा संबंधित व्यक्ति/ परिवार का वार्डवार सभासदों से भी सत्यापन करवाया जाय। सभासदों ने कहा है कि वर्तमान में संज्ञान में आया है कि सड़क एवं चौराहों पर खड़े होकर होटल एवं टूरिस्ट गाइडों द्वारा व्यवसाय किया जाता है जिनका सत्यापन पुलिस विभाग द्वारा कर दिया गया है जिसमें गम्भीरता पूर्वक कार्य किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। कहा कि जनहित, सुरक्षा व शांति व्यवस्था तथा कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु इन बिंदुओं/सुझावों पर गम्भीरतापूर्वक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में सभासद मनोज साह जगाती, ललिता दफौटी, पूरन सिंह बिष्ट, अंकित चन्द्रा, रमेश प्रसाद, सपना बिष्ट तथा भगवत सिंह रावत आदि शामिल रहे।



## अभिभावक अध्यापक संघ का गठन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के धारी ब्लाक के राजकीय इंटर कॉलेज पदमपुरी में आयोजित अभिभावक अध्यापक संघ एवं स्कूल प्रबंधन समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान दिपेन्द्र कार्की को विधालय प्रबंधन समिति का सर्व समिति से अध्यक्ष चयनित किया गया। इसके अलावा अभिभावक संघ के अध्यक्ष पद पर अंबी राम आर्या को चयनित किया गया।

## सत्यापन अभियान की स्थितियां अस्पष्ट: हरीश सिंह राणा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** नैनीताल के युवा अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता हरीश सिंह राणा ने कहा है कि वर्तमान समय में नगर पालिका नैनीताल क्षेत्र के अंतर्गत नैनीताल पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सत्यापन अभियान में स्थितियां स्पष्ट नहीं है। राणा ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक संरचना में बाहरी व्यक्तियों द्वारा की जा रही छेड़छाड़ से बचाव हेतु प्रदेश की धामी सरकार द्वारा बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन कराकर उत्तराखंड के स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सत्यापन अभियान चलाए जा रहे हैं लेकिन उत्तराखंड मूल के ऐसे मकान मालिक जिनका स्थाई निवास नैनीताल में वर्षो से बना हुआ है उनसे भी जमीन के कागज तथा मूल निवास की खाता खतौनी एवं रजिस्ट्री के कागज जमा कर सत्यापन कराया जा रहा है जबकि सत्यापन प्रारूप में उत्तराखंड से बाहर के नागरिकों के लिए लिखा गया है। इसके साथ नैनीताल के स्थानीय मकान मालिक सत्यापन के प्रारूप के दूसरे पेज में संदिग्ध व्यक्ति एवं उसके परिजनों की उंगलियों के निशान जैसा असंवेदनशील शब्द लिखा गया है। उत्तराखंड के मूल निवासियों से उनकी जमीन रजिस्ट्री के कागज मांगा जाना पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है या नहीं? इस पर भी नैनीताल पुलिस को स्थिति स्पष्ट करने की आवश्यकता है।

# कुमाऊं विवि में 'संक्रांति' छात्र क्लब की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए 'संक्रांति' नामक बहुआयामी छात्र क्लब की स्थापना की गई है। यह क्लब अकादमिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व कौशल और टीम भावना को बढ़ावा देगा। क्लब के संरक्षक कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत और सह-संरक्षक डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा हैं। क्लब के अध्यक्ष के रूप में डा. रीतेश साह को नियुक्त किया गया है। क्लब की गतिविधियों में शैक्षणिक व्याख्यान, कार्यशालाएं, कैरियर परामर्श, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ, और विमर्श मासिक समाचार पत्र का प्रकाशन शामिल है। क्लब के तत्वावधान में मंचित नाटक नाथवती अनाथवत को दर्शकों द्वारा विशेष सराहना मिली, और इसे जल्द ही पुनः मंचित किया जाएगा। संक्रांति क्लब की सदस्यता डीएसबी परिसर के सभी नियमित छात्रों के लिए खुली है, और प्रत्येक सदस्य से कम से कम दो आयोजनों में भाग लेने की उम्मीद की जाएगी। क्लब के अध्यक्ष डा. रीतेश साह ने कहा कि संक्रांति छात्रों को रचनात्मकता और संवाद कौशल विकसित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा, जो परिसर में एक सकारात्मक शैक्षणिक और सांस्कृतिक माहौल का निर्माण करेगा।

# गाड़ी चलाते समय मोबाइल न चलाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** 12 से 18 मई 2025 तक चलने वाले आठवें संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर संजय ऑर्थोपीडिक स्पाइन एवं मेटरनिटी सेंटर, देहरादून ने दून भवानी इंटरनेशनल स्कूल, रानीपोखरी में एक सड़क सुरक्षा व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता आर्थोपीडिक सर्जन पद्मश्री डा. बीकेएस संजय ने कहा कि आजकल वाहन चलाना रोजमर्रा की जरूरत बन गया है, चाहे वह शिक्षा, व्यापार, मनोरंजन या पर्यटन हो। उन्होंने सरकार से अपील की कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा शिक्षा को शामिल किया जाए और छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों से अनुरोध किया कि वे सड़क सुरक्षा जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। इंडिया और इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर, ऑर्थोपीडिक सर्जन डा. गौरव संजय ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल जानलेवा हो सकता है। उन्होंने छात्रों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने की सलाह दी। इसके अलावा, उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। स्कूल के संस्थापक बीपी उनियाल ने छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया कि वे अतिथियों द्वारा बताए गए नियमों को सीखें और उनका पालन करें। साथ ही, उन्होंने डा. संजय और उनकी संस्था को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की रजत जयंती वर्ष पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या पुष्पा उनियाल, एकेडमिक एडवाइजर डी. पी. बडोनी, असिस्टेंट डायरेक्टर साकेत उनियाल, सोनिया, लक्ष्मी, अभिषेक, स्वाती, एवं स्कूल के सभी अध्यापकगण और सहकर्मी मौजूद थे।



## मंदिर से घंटी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के तहत भूमियाधार गांव के भूमिया मंदिर में घंटी चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस विभाग के उप निरीक्षक श्याम सिंह बोरा ने मय पुलिस टीम द्वारा भूमियाधार स्थित भूमिया मंदिर से घंटियां चोरी करते हुए अजय कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी मल्ला भूमियाधार थाना तल्लीताल को पकड़ लिया है। अभियुक्त के पास से 9 घंटियां व 1 घंटी का टुकड़ा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में अभियुक्त ने शराब के नशे की लत को चोरी का कारण बताया। उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार नैनीताल भेजा गया है। गिरफ्तारी टीम में बोरा के साथ कांस्टेबल मलकित सिंह, पदम सिंह व दीपक जोशी शामिल रहे।

## वीकेंड पर धारी में सैलानियों से रौनक

**धारी।** मुक्तेश्वर में पर्यटन कारोबार में वीकेंड रौनक दिखाई दी। शनिवार को पहाड़ों पर पर्यटकों की आवाजाही से पर्यटन कारोबार पटरी पर लौटने लगा है। होटल ऐसोसिएशन मुक्तेश्वर के अध्यक्ष सुदर्शन शाही ने बताया भारत-पाकिस्तान तनाव तथा नैनीताल पिछले दिनों घटना से पहाडी क्षेत्रों में पर्यटन प्रभावित रहा। हालात सामान्य होने पर पर्यटन कारोबार मई माह के अंतिम सप्ताह जोरदार तेजी आने सम्भाना जताई गई है। लगभग 35 से 40 प्रतिशत पर्यटन वीकेंड पर है। शनिवार को सैकड़ों पर्यटक वाहन मुक्तेश्वर पहुंचे। यहां पिकनिक प्वाइंट चौलीजाली, हिमालय दर्शन प्वाइंट मुक्तेश्वर, मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, वाटर फाल भालूगाड़ में जमावड़ा लगा रहा।

## आदि कैलाश यात्रियों को हिमालय बचाओ की शपथ दिलाई

**नैनीताल।** पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में कैलाश दर्शन संस्था के माध्यम से आए 26 सदस्यीय आदि कैलाश यात्रियों को कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ रजिस्टर भराकर शपथ दिलाई। इस दौरान यात्रियों से उच्च हिमालय क्षेत्र में पड़े हुए कूड़े का निस्तारण करने की अपील की। यात्रियों को गूंजी में बनने वाले यादों के जंगल में पौधारोपण हेतु पौधे दिए। यात्रियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में भी पौधारोपण किया। सभी यात्रियों ने दिनेश गुरु रानी की हिमालय बचाओ पहलकी सराहना करते हुए कहा कि हिमालय को कूड़ा मुक्त करने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे। दल में सात महिलाएं व 19 पुरुष शामिल हैं। दल का नेतृत्व जीतू गन्डी कर रहे हैं। गुरुरानी ने कहा कि आदि कैलाश की यात्रा में जाने वाले हर यात्री दल को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ा जाएगा।

## नियमितिकरण के लिए अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन शनिवार को 316वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत शनिवार को आदि कैलाश की यात्रा में जा रहे दल के यात्रियों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ते हुए पर्यटक आवास गृह गृह परिसर में पौधारोपण किया गया। यात्रियों ने कहा कि देवभूमि यात्रा में भगवान भोलेनाथ के दर्शन से पूर्व प्रकृति संरक्षण से जुड़ते हुए जहां सकारात्मक ऊर्जा मिल रही है वहीं पौधारोपण जैसे महान कार्य को करने का अवसर भी मिल रहा है।

## जगदंबा हार्ट केयर सेंटर में मनाया गया वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जगदंबा हार्ट केयर एंड मैटरनिटी सेंटर में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रकाश पंत एवं डा. सोमा पंत ने स्टाफ और मरीजों को हाई ब्लड प्रेशर (बीपी) के लक्षण, कारण और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी।
डा. प्रकाश पंत ने बताया कि आज के समय में देश की लगभग आधी आबादी बीपी की समस्या से ग्रसित है। इसका मुख्य कारण है अनियमित खानपान, धूम्रपान, तनाव और शारी. रिक गतिविधियों की कमी। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम, संतु. लित आहार और तनाव से बचाव करके इस बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कैम्प में कोलेस्ट्रॉल, एंटी-प्रोबीएनपी, शुगर और बीपी की जांच निशुल्क की गई। कार्यक्रम में संस्थान के मैनेजर गिरीश सुयाल, यमुना प्रसाद जोशी, हेमा रचना खस्टी, भावना, सोनम सोनी, प्रीति, नीमा, अनीता, हेमलता, लीला, मनोज, नवीन समेत समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## दिपेन्द्र कार्की बने एसएमसी अध्यक्ष

**धारी।** क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज पदमपुरी में आयोजित अभिभावक अध्यापक संघ एवं विधालय प्रबंधन समिति कि नवीनी कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान दिपेन्द्र कार्की को विधालय प्रबंधन समिति का सर्व समिति से अध्यक्ष चयनित किया गया। समस्त क्षेत्रवासियों ने चयनित पदाधिक. ारियों के समस्त सम्मानित अभिभावकों व अध्यापको ने दिपेन्द्र कार्की को बधाई व शुभकामनाये दी है। अभिभावक संघ अध्यक्ष पद पर अम्बिराम आर्या को चयनित किया गया । इस दौरान रमेश चंद्र सुयाल ने समिति के गठन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। अनिल राजपूत एव उमाशंकर उपाद्याय ने समिति के समक्ष विस्तारपूर्वक पूर्ण उपयोग की गई धनराशि का लेखा जोखा रखा गया।

**सूचना: नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बीना दर्ज है, जबकि वास्तव में मेरा नाम बीना राणा है। अत: भविष्य में मुझे बीना राणा के नाम से जाना-पहचाना जाए।

**बीना राणा**
पुत्री श्री दलीप सिंह राणा
निवासी: गोविंद ग्राम खेड़ा,
काठगोदाम (नैनीताल)।

# मुस्लिम समाज ने दिखाई देशभक्ति की मिसाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई में निकाली गई तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में पूर्व दर्जा

**पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मजहर नईम नवाब के नेतृत्व में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में लिया भाग**

राज्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता मजहर नईम नवाब के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा के दौरान देशभक्ति के गगनचुंबी नारों के बीच देश की एकता, अखंडता और वीर जवानों के सम्मान में श्रद्धा अर्पित की गई। श्री नवाब ने इस अवसर पर कहा कि आज देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हमारी सेनाएं देश के दुश्मनों को करारा जवाब देने में सक्षम हैं। ऑपरेशन सिंदर की सफलता पर हम सबको गर्व है। हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस पराक्रम के साथ कार्य किया है, वह इतिहास में दर्ज रहेगा। उन्होंने तिरंगा यात्रा में मुस्लिम समाज की भागीदारी को राष्ट्र के प्रति समर्पण और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बताया। इस ऐतिहासिक यात्रा में मुस्लिम समाज की ओर से इसरार हुसैन, फारुख अंसारी, शकील अंसारी, अफज़ाल कुरैशी, सलीम सैफी, नाज़िम, फईम, अजगर अली, सुलेमान, शफीकुर रहमान, फरीद खान, जमाल सिद्दीकी, सलीम उस्मानी, चांद, रिसालत, नजरू सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान रामनगर।**

पृ0प0सं. 1195/ई-निविदा / 138 उक्त          दिनांक:- 16/5/2025

**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा मुख्य महाप्रवन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उ0ज0सं0 शाखा रामनगर, में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निम्न विवरणानुसार उत्तराखण्ड जल संस्थान / उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारो / फर्मो से आईटम रेट के आधार पर ई-निविदा (टू-विड) आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा, निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर निविदादाताओं द्वारा डाउनलोड कर अपलोड करने हेतु **दि0 19.05.2025 के सायं 5.00 बजे से दि0 29.05.2025 की सायं 5.00 बजे** तक उपलब्ध होगी एंव तकनीकी ई-निविदा **दि0 31.05.2025 के अप्रराह्व 04.00 बजे** खोली जायेगी।
विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | श्रेणी | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वि0ख0 कोटाबाग की बन्दरजुडा पेयजल योजना के अन्तर्गत बी0एफ0जी0, रफनिंग फिलटर, सी0डब्ल्यू0आर0 मरम्मत, पम्प हाउस मरम्मत, सी0सी0 निर्माण, वितरण प्रणाली एवं तत्सम्बन्धी अन्य कार्य। | 'सी' एवं उच्चतर | रु 4000.00+रु 720.00 (GST 18%)= रु 4720.00 | रु142000.00 |

नोट:- ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध होगी एवं यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वेबसाईट पर ही अपलोड की जाएगी।

**अधिशासी अभियन्ता**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ( वि0 / यॉ0 ) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून।**

पत्रांक 185 /ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26          दिनांक 09/05/ 2025

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-07:-**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय की ओर से कॉलम -06 के अनुसार अधिकृत श्रेणी के ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो की निविदायें दिनांक 26.05.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता (वि0/ यॉव ) के कैम्प कार्यालय भीमताल, नैनीताल में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह् 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी । निविदा प्रपत्र दि0 24.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में सांय 4.00 बजे तक निविदा शुल्क (लेखाशीर्षक-0515-00-800-01-00 ) एवं जी०एस०टी० ( **नं0 - 05MRTE01767D1DR**) ई-चालान द्वारा पृथक-पृथक जमा करा कर प्रस्तुत करने पर इस कार्यालय एवं अधिशासी अभियन्ता (वि0/ यॉ० ) के कैम्प कार्यालय भीमताल, नैनीताल से प्राप्त किये जा सकते है ।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी०एस०टी० | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मल्ला महल अल्मोडा के अन्तर्गत रानीमहल स्थित म्यूजियम में आन्तरिक विद्युतीकरण कार्य । | 29,500.00 | 1500.00 + 18%GST | 03 माह | ए श्रेणी विद्युतीकरण |

-: निविदा की शर्ते :-

1. उपरोक्त कार्य हेतु इस विभाग में ए श्रेणी विद्युतीकरण में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म ही निविदा डालने के पात्र होगें ।
2. निविदा के साथ उक्त धरोहर धनराशि की एन०एस०सी० / एफ०डी०आर० ( राष्ट्रीयकृत / शेडयूल बैंक) जो कि अधिशासी अभियन्ता, (वि0/यॉ० ) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा । निविदा क्रय के समय निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली धरोहर धनराशि प्रस्तुत की जानी अनिवार्य है।
3. निविदा में दी गयी दरों की वैधता हेतु रू0 100 रू0 का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर 1.00 रू0 का रेवन्यू टिकट पर हस्ताक्षर सहित घोषणा पत्र ( प्रारूप - 1 ) एवं निविदा के साथ संलग्न प्रपत्रों की सत्यता हेतु 100.00 रू0 का नॉन जूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र (प्रारूप - 2) पृथक से संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. इस विभाग में ए श्रेणी विद्युतीकरण में पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही निविदा विक्रय की जायेगी । निविदा प्रपत्र प्रतिनिधि द्वारा क्रय करने की स्थिति में प्राधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित हो, प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है ।
5. निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/ यॉ० ), ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून से प्राप्त की जा सकती है।

**( इं0 तहसीन अहमद )**
**अधिशासी अभियन्ता,( वि० /यॉ0 ) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून**

# राज्य में उद्यान व कृषि व्यवस्था को नई दिशा देने की कोशिश

## ई-रूपी प्रणाली व चार कृषि नीतियों का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



■ जल्द तैयार होगी प्रदेश की फ्लावर और हनी पॉलिसी: मुख्यमंत्री धामी, कीवी नीति, ड्रैगन फ्रूट सेब तुड़ाई उपरांत तुड़वाई योजना, मिलट मिशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** आधुनिक तकनीक पर आधारित "ई-रूपी" प्रणाली का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने राज्य की कृषि व्यवस्था को नई दिशा देने के लिए चार महत्वाकांक्षी कृषि नीतियों (कीवी नीति, ड्रैगन फ्रूट, सेब तुड़ाई उपरांत तुड़वाई योजना और मिलट मिशन) का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार जल्द ही प्रदेश में फ्लावर और हनी पॉलिसी भी तैयार करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-रूपी प्रणाली राज्य के अन्नदाताओं के लिए एक नई पहल है। "ई-रूपी प्रणाली" किसानों के लिए पारदर्शी, तेज और बिचौलिया-मुक्त डिजिटल भुगतान का नया माध्यम बनेगी। इस प्रणाली के अंतर्गत पायलट परियोजनाओं में किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि ई-वाउचर (एसएमएस या क्यूआर कोड) के माध्यम से सीधे उनके मोबाइल पर भेजी जाएगी, जिसे वे अधिकृत केंद्रों या विक्रेताओं से खाद, बीज, दवाएं आदि खरीदने में उपयोग कर सकेंगे। कहा कि ये सभी योजनाएं राज्य की कृषि विविधता को बढ़ावा देंगी और कृषकों की आय में वृद्धि का आधार बनेंगी।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष चाय विकास सलाहकार परिषद महेश्वर सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष उत्तराखंड जैविक कृषि भूपेश उपाध्याय, जड़ी बूटी सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष बलबीर धुनियाल, राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार, जड़ी बूटी समिति के उपाध्यक्ष भुवन विक्रम डबराल, सचिव डॉ. एसएन पांडेय, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चौहान, निदेशक आईटीडीए गौरव कुमार सहित विभिन्न जिलों के काश्तकार मौजूद रहे।

किसानों को बुआई व उपज खरीद पर प्रोत्साहन राशि: गणेश जोशी

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में कहा कि सेब उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 2030-31 तक 5,000 हेक्टेयर में अति सघन बाग़वानी का लक्ष्य तय किया गया है। सेब भंडारण व ग्रेडिंग हेतु रुपये 144.55 करोड़ की योजना लॉन्च की गई है, जिसमें सी.ए. स्टोरेज व सोर्टिंग-ग्रेडिंग इकाइयों को 50-70 प्रतिशत तक राजसहायता दी जाएगी। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि मिलेट नीति के अंतर्गत 2030-31 तक 70,000 हेक्टेयर क्षेत्र आच्छादित करने के लिए रु. 134.893 करोड़ का लॉन्च की गई है। इसमें किसानों को बीज बुवाई और उपज खरीद पर प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

**कीवी नीति की खास बातें**

कुल लागत 894 करोड़ रुपये
6 वर्षों में 3500 हेक्ट. में उत्पादन का लक्ष्य, 14 हजार मी.टन वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य, 9 हजार किसानों को होगा प्रत्यक्ष लाभ,

**ड्रैगन फ्रूट नीति की खास बातें**

कुल लागत 15 करोड़ रुपये, 228 एकड़ भूमि पर उत्पादन, 350 मी.टन उत्पादन का लक्ष्य
छोटे और मध्यम किसानों को लाभ

**सेब तुड़ाई उपरांत प्रबंधन योजना**

144.55 करोड़ रुपये की लागत, 5,000 हेक्ट. क्षेत्र में अति सघन बाग़वानी, 22 सीए स्टोरेज इकाइयों एवं सॉर्टिंग-ग्रेडिंग इकाइयों की स्थापना
व्यक्तिगत कृषकों को 50 व समूहों को 70 प्रतिशत तक अनुदान।

**मिलेट नीति**

135 करोड़ रुपये की लागत, दो चरणों में 68 विकासखंड में 70 हजार हेक्टेयर, निवेश पर 80 प्रतिशत तक अनुदान, प्रति हेक्टेयर पंक्ति बुआई पर 4000 रुपये, अन्य विधियों पर 2000 रुपये प्रोत्साहन, किसानों को खरीद पर 300 रु. क्विंटल अतिरिक्त

# यमुनोत्री धाम के पड़ाव हनुमान चट्टी में 28 पेटी अवैध शराब बरामद



शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** यमुनोत्री धाम के पड़ाव में अवैध रूप से शराब की तस्करी पर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को आबकारी विभाग की टीम ने हनुमान चट्टी में एक मकान में छापेमारी में 28 पेटी अवैध शराब सोलमेट ब्लू व्हिस्की कुल 1350 पव्वा बरामद किये गए। जबकि आरोपी फरार बताया गया है।

बता दें कि जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट के निर्देशानुसार यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग में हनुमान चट्टी राणा चट्टी में अवैध शराब की बिक्री के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र बड़कोट एवं आबकारी निरीक्षक पुरोला की सयुंक्त टीम ने हनुमान चट्टी पुल के समीप एक बंद मकान से 28 पेटी अवैध शराब सोलमेट ब्लू व्हिस्की कुल 1350 पव्वा बरामद किये गए। अभियुक्त प्रदीप पंवार पुत्र प्रेम सिंह पंवार ग्राम निशनी मौके से फरार हो गया जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। वहीं जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान संपूर्ण जनपद में लगातार जारी है। अभी तब विभाग द्वारा यात्रा प्रारम्भ होने से अभी तक 7अभियोग पकड़े गए है। जिनमे लगभग 300लीटर शराब जब्त की गयी है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। दबिश टीम में जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार आबकारी निरीक्षक बड़कोट कमलेश रानी, आबकारी निरीक्षक पुरोला सुरेंद्र आर्य, हेड कांस्टेबल पवन सिंह, आबकारी कांस्टेबल आजाद सिंह, मनीष सिंह, अमित सिंह, सुभम असवाल एवं पी आर डी नागेंद्र चौहान उपस्थित थे।

# एसएस जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत कैम्पस को 5 करोड़ जारी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून: सोबन सिंह जीना विश्व. विद्यालय के चम्पावत परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों में अब तेजी आयेगी। इसके लिये राज्य सरकार ने पहली किस्त के तौर पर विश्वविद्यालय को 5 करोड़ की धनराशि अवमुक्त कर दी है। सरकार द्वारा अवमुक्त इस धनराशि से विश्व. विद्यालय कैम्पस में केन्द्रीय पुस्तकालय, चाहरदीवारी का निर्माण किया जायेगा, इसके अलावा कैम्पस में मिनी स्पोटर्स स्टेडियम भी बनाया जायेगा।

राज्य सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों एवं उनकी इकाइयों में गुणात्मक सुधार के लिये निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में सरकार ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन मद में स्वीकृत 10 करोड़ की धनराशि में से पहली किस्त के तौर पर 5 करोड़ की अवमुक्त की है। सरकार द्वारा अवमुक्त धनराशि से विश्वविद्यालय के चम्पावत कैम्पस में आधुनिक केन्द्रीय पुस्तकालय बनाया जायेगा। जिसमें छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिये सभी सुविधाएं उपलब्ध की जायेगी। इसके अलावा परिसर में खेलों को बढ़ावा देने के लिये मिनी स्पोटर्स स्टेडियम भी तैयार किया जायेगा, जो खेल मानकों के अनुरूप विकसित किया जायेगा।



जिसमें इनडोर और आउटडोर खेलों की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही परिसर की चाहरदीवारी का कार्य भी किया जायेगा। विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण कार्यों के लिये ब्रिडकुल को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। विभागीय मंत्री डा. धन सिंह रावत ने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोहाती न बरतने के निर्देश विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत कैम्पस को सेंटर फॉर एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा, ताकि सीमान्त क्षेत्र के युवाओं को विश्व. विद्यालय परिसर में ही गुणात्मक शिक्षा मिल सके।

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये सरकार ने पहली किस्त के तौर पर 5 करोड़ की धनराशि अवमुक्त कर दी है। जिससे परिसर में केन्द्रीय पुस्तकालय, मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाया जायेग, साथ ही परिसर की चाहरदीवारी भी की जायेगी। सीमांत क्षेत्र के इस परिसर को सेंटर फॉर एक्सीलेंस के तौर पर विकसित किया जायेगा।
**- डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

# 16वें वित्त आयोग के दौरे की तैयारियों में जुटा शासन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में 16वें वित्त आयोग के उत्तराखण्ड दौरे की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने वित्त आयोग के उत्तराखण्ड दौरे के सम्पूर्ण कार्यक्रम, बैठकों एवं अन्य तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि वित्त आयोग के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की समुचित व्यवस्थाएं दुरूस्त रखी जाएं। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार सम्पर्क अधिकारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाए। आयोग द्वारा देहरादून एवं नैनीताल में हितधारकों के साथ की जाने वाली विभिन्न प्रस्तावित बैठकों एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस आदि की उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि आयोग के समक्ष रखे जाने वाले बिन्दुओं को केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि आयोग के बद्रीनाथ एवं केदारनाथ दौरे के दौरान यदि मौसम खराब होता है तो ऐसी परिस्थिति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर सहित सभी सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# केदारनाथ में लैंड करते हुए हेलीकॉप्टर एंबुलेंस का बिगड़ा संतुलन



■ आपात लैंडिंग में पीछे का हिस्सा टूटा, सुरक्षित लैंडिंग से बड़ा हादसा टला, हेलिकॉप्टर में पायलट सहित एक डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ था मौजूद, सभी सुरक्षित, हेली एम्बुलेंस में तकनीकी आई खराबी, दुर्घटना की जांच करेगा डीजीसीए

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में एक मरीज को रेस्क्यू करने पहुंचे संजीवनी हेली एंबुलेंस सेवा की आपातकाल लैंडिंग करनी पड़ी। हैलिपेड की बजाय नीचे ही आपात लैंडिंग कराने से हेलीकॉप्टर का पीछे का हिस्सा यानी टेल रोटर टूट गया। हालांकि पायलट की सूझ-बूझ से बड़ा हादसा टल गया। हेली एम्बुलेंस में एम्स ऋषिकेश से आई मेडिकल टीम भी सवार थी। सफल आपातकाल लैंडिंग के चलते पायलट सहित मेडिकल की टीम सुरक्षित है।

शनिवार दोपहर 12 बजे के करीब एम्स ऋषिकेश का पिनेकल कंपनी का एयर एम्बुलेंस केदारनाथ धाम में बने हेलीपैड पहुंचने से पहले क्रेश हो गया। यह हादसा देख आस-पास खड़े तीर्थयात्री हैरान रह गए और दूर से ये नजारा देख सहम गए। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं नोडल हेली सेवा राहुल चौबे ने बताया कि केदारनाथ धाम में दर्शन को पहुंची एक महिला श्रद्धालु को सांस लेने में अधिक समस्या होने लगी। तबियत ज्यादा बिगड़ती देख राज्य सरकार की हेली एंबुलेंस सेवा संजीवनी की मदद ली गई। ऋषिकेश एम्स के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार के मुताबिक, एम्स ऋषिकेश से ये हेलीकॉप्टर श्रीदेवी नाम की मरीज को लेने केदारनाथ जा रहा था। मरीज को एयर रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया जाना था। हादसे के वक्त हेली में पायलट सहित एक डॉक्टर व एक नर्सिंग स्टाफ सवार समेत कुल तीन लोग सवार थे। इस पूरे मामले की तकनीकी जांच डीजीसीए द्वारा की जाएगी।

# हल्द्वानी में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी मिनी स्टेडियम से शहीद पार्क तक भव्य 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों नागरिकों, पूर्व सैनिकों, युवाओं और मातृशक्ति ने भाग लिया। यह यात्रा भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले वीर सैनिकों को नमन करते हुए कहा भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत किसी भी आतंकी चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है, और देश की सीमाओं की रक्षा अब स्वदेशी, अत्याधुनिक तकनीक से की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड वीर भूमि है, और यहां के लगभग हर परिवार का कोई सदस्य सेना या सुरक्षा बलों से जुड़ा है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे सेना के अनुशासन और शौर्य से प्रेरित होकर आगे बढ़ें।

धामी ने यह भी कहा कि 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' भारतीय सेवा के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करने का एक अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद और आतंकवादियों के समर्थकों को कड़ा संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को खुली छूट दी थी, जिससे आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया और पाकिस्तान परस्त आतंकवाद को करारा जवाब दिया गया।

तिरंगा यात्रा के दौरान सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, दिवान सिंह बिष्ट, सरिता आर्या, राम सिंह कैड़ा, मोहन सिंह बिष्ट, मेयर गजराज बिष्ट, बेला तोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा, दर्जाधारी अनिल कपूर डब्बू, दीपक मेहरा, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, रेनू अधिकारी, नवीन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# दुनिया में छाया भारतीय सेना का पराक्रम : रेखा

■ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ऋषिकेश में निकाली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री अग्रवाल व प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय हुए शामिल



## गंगा आरती में शामिल हुई मंत्री रेखा आर्या

तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती में हिस्सा लिया। रेखा आर्या ने बताया कि उन्होंने मां गंगा से भारतीय सेना के लिए शौर्य और पराक्रम का आशीर्वाद मांगा और यह कामना की कि भारत की शक्ति विश्व में दिन-रात इसी तरह बढ़ती रहे।

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/ ऋषिकेश।** शनिवार को ऋषिकेश में पंजाब सिंध क्षेत्र धर्मशाला मुखर्जी मार्ग से त्रिवेणी घाट तक तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निक. ाली गई। इस मौके पर दुकानदारों ने फूल बरसाकर यात्रा का शानदार स्वागत किया।

यात्रा के समापन स्थल त्रिवेणी घाट स्थित गांधी स्तंभ पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश के जांबाज सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान को धूल चटाई है और घर में घुसकर 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मौत की घाट उतारा, वह हम भारतवासियों के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि हम किसी भी आतंकी गति. विधि को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिन आतंकियों ने हमारी बहन बेटियों के सिंदूर को उजाड़ने का काम किया हमने ऑपरेशन सिंदूर में उनकी हस्ती उजाड़ दी।

**पूरे यात्रा मार्ग में दुकानदारों ने फूल बरसाकर यात्रा का जोरदार स्वागत किया।**

यात्रा में प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल।

डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल, मेयर शंभू पासवान, पूर्व मेयर अनीता मंमगाई, मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सती।

प्रतीक कालिया, जिला महामंत्री दीपक धमीजा समेत सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया।

# दवा नियंत्रण प्रणाली को तकनीक व गुणवत्ता से जोड़ने की पहल

■ राज्य स्तरीय कार्यशाला में नियामक सुधार, तकनीकी नवाचार और क्षमता निर्माण पर हुआ मंथन, यह हमारी जिम्मेदारी, बाजार में उपलब्ध हर दवा सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक मानकों पर खरी उतरे: डॉ. आर राजेश



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** औषधि नियमन प्रणाली को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने और अधिकारियों के क्षमता निर्माण के लिए एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला खाद्य संरक्षा व औषधि प्रशासन के कार्यालय देहरादून में शनिवार को

आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन ड्रग कंट्रोल ऑफिसर्स (आई) वेलफेयर एसोसिएशन और डीसीजीआई डब्ल्यूयू उत्तराखंड चौप्टर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में औषधि नियमन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों, विशेषज्ञों एवं औद्योगिक प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व आयुक्त एफडीए डॉ. आर. राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, "आज के समय में दवाओं की गुणवत्ता केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास से भी जुड़ी है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि बाजार में उपलब्ध हर दवा सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक मानकों पर खरी उतरे। नियामक अधिकारियों को निरंतर प्रशिक्षित करना और तकनीकी दृष्टि से सशक्त करना इस दिशा में अत्यंत आवश्यक कदम है।

**अधिकारियों को तकनीकी अपडेट रहना अनिवार्य : कोठेवर**

मुख्य वक्ता कोठेवर राव ने औषधि नियमन की मौजूदा चुनौतियों और डीसीजीआई (आईडब्ल्यूयू) की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, "दवा नियंत्रण अधिकारियों को विधिक प्रावधानों के साथ-साथ तकनीकी नवाचारों से भी अपडेट रहना चाहिए, ताकि वे प्रभावी नियमन सुनिश्चित कर सकें।

**जीएमपी विश्लेषण और लेबलिंग पर व्यावहारिक सत्र :आहूजा**

पूर्व एफडीए नियंत्रक एन.के. आहूजा ने दवाओं के नमूना विश्लेषण, जीएमपी (गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस) और लेब. लिंग मानकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों को लेब. लिंग से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया।

कार्यशाला में अतिरिक्त आयुक्त (खाद्य एवं औषधि) ताजदार सिंह जग्गी, पूर्व एफडीए नियंत्रक (हरियाणा) एन.के. आहूजा, डीसीजीआई (आईडब्ल्यूयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कोठेवर राव, महासि. चव बलेन्द्र चौधरी और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने किया।

## उत्तराखंड में नियामन प्रणाली को पारदर्शी और परिणाममुखी बनाएंगे: ताजबर

**देहरादुन।** अपर आयुक्त (खाद्य एवं औषधि) ताजदार सिंह जग्गी ने कहा, हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड में औषधि नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाए। इस दिशा में विभाग, उद्योग और विशेषज्ञों के बीच निरंतर संवाद और सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# एक वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का अभियान चलाकर शीघ्र किया जाए निस्तारण: रंजना

■ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों व सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तराखंड रंजना राजगुरू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गढ़वाल एवं कुमाऊँ मण्डलों के अपर आयुक्त, समस्त अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 01 वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम जनता को अनावश्यक असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित मजिस्ट्रेट कोर्ट में बैठकर सुनवाई कर प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजना को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिये। भारत सरकार द्वारा 31 मई 2025 तक योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने आवासीय एवं अनावासीय भवन निर्माण के सबंध में सभी जनपदों को अपने प्रस्ताव शीघ्र परिषद को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, जिससे निर्माण कार्यों की प्रक्रिया को गति दी जा सके।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने और सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री घोषणाओं को शीर्ष प्राथमिकता लिया जाए। कृषि गणना फेस-3 का कार्य जून 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिये।

# नड्डा का वाइब्रेंट विलेज दौरा, सीमा क्षेत्रों के विकास को नई गति देने वाला : भट्ट

■ आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे उत्तराखंड, वाइब्रेंट विलेज गूंजी और आदि कैलाश का करेंगे भ्रमण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराखंड प्रवास का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उनका पीएम मोदी की वाइब्रेंट विलेज नीति के तहत गूंजी और आदि कैलाश का यह दौरा सीमा क्षेत्रों के विकास को नई गति देने का काम करेगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा कल (आज) से दो दिवसीय प्रवास के तहत राज्य के पिथौरागढ़ पहुंचने वाले है। उनके वाइब्रेंट विलेज गूंजी और आदि कैलाश के दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए भट्ट ने समस्त प्रदेशवा. सियों की तरफ से स्वागत किया है। साथ ही कहा कि नड्डा का सीमावर्ती क्षेत्रों मैं पहुंचकर वहां चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा करना, इन प्रोजेक्टों की गति को तीव्र और प्रभावी बनाएगा। वहां के महिला स्वयं सहायता संस्थाओं द्वारा संचा.



लित कार्यस्थलों में स्वास्थ्य मंत्री का भ्रमण, मातृ शक्ति का हौंसला बढ़ाने वाला होगा। ये हम सबका सौभाग्य है कि सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए चलाई जा रही मोदी जी की वाइब्रेंट विलेज योजना का सर्वाधिक लाभ देवभूमि को मिल रहा है। पीएम मोदी स्वयं, समय समय पर सीमाओं को विकसित और सशक्त बनाने की अपनी इस नीति के अनुशार समीक्षा के लिए आते रहते हैं। ऐसे में एक के बाद एक, श्री नड्डा जी की तरह केंद्रीय मंत्रियों का भी वाइब्रेट विलेजों में आना यहां विकास कार्यों को नई गति देने का काम करता है।

इस प्रवास में केंद्रीय मंत्री नड्डा, 18 मई को प्रात: सबसे पहले देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पहुंचेंगे, उसके बाद वह हेलीकॉप्टर से गुंजी पिथौरागढ़ जायेंगे। जहां वह वाइब्रेंट विलेज के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों का प्रस्तुतिकरण देखेंगे। वह गूंजी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी करेंगे। साथ ही वह ज्योलिंगकोंग से आदि कैलाश के दर्शन और महिला फेडरेशन द्वारा गूंजी में संचा. लित होम स्टे का भ्रमण करेंगे। वाइब्रेंट विलेज गूंजी में ही रात्रि प्रवास करने के बाद दूसरे दिन वे वाया देहरादून दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# ओलावृष्टि से काश्तकारों की खड़ी फसलें बर्बाद

**उत्तरकाशी:** जिले में आये दिनों दोपहर बाद हो बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि से काश्तकारों की खड़ी फसलों को बर्बाद कर दिया है।बीते रविवार को दोपहर बाद यमुनाघाटी में जमकर बारिश और ओलावृष्टि हुई। पुरोला,बड़कोट यमुनोत्री क्षेत्र में बारिश, आंधी और ओले गिरने से नौगांव सेवरी क्षेत्र में जमकर ओलावृष्टि होने से बागवानी एवं नगदी फसलें बर्बाद हो गई। सबसे अधिक नुकसान सेब के बागवानों का हुआ है। सप्ताह भर बाद शनिवार को नौगांव प्रखंड के अंतर्गत सरनौल क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि हुई जिसे किसानों की गेहूं की खड़ी फसलें बर्बाद हो गई है।उधर भाटिया गांव के रानी बाग, बूतोगरी, सौंदाडी, नाशूका आदि तोकों में भी बीते रविवार दोपहर जमकर ओलावृष्टि होने से सेब, गेहूं, टमाटर आदि फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों में मायूसी छा गई। वहीं सरनौल गांव के काश्तकार रणवीर सिंह राणा, पूर्व सैनिक ज्ञानेंद्र सिंह राणा ने बताया कि काश्तकारों को भारी नुकसान पहुंचा है।



नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 'तिरंगा यात्रा' में भाग लेते वकील।

## लुप्तप्राय काकापो तोते को संरक्षित करने के लिए कृतिम गर्भाधान का सफल उपयोग

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के लुप्तप्राय हो रहे काकापो तोते को संरक्षित करने की दिशा में वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस प्रजाति की प्रजनन क्षमता में सुधार लाने और दुर्लभ आनुवंशिकी संरक्षित करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान (एआई) का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। न्यूज़ीलैंड के संरक्षण विभाग, ओटागो विश्व. विद्यालय और जर्मनी के जस्टस लिबीग विश्वविद्यालय गिसेन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, एआई दुनिया के सबसे दुर्लभ तोतों में से एक को संरक्षित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, जो प्रजनन सफलता को बढ़ाने और आवश्यक आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में मददगार है।

# ट्रम्प के प्रवासियों को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति नाराज, कहाः जज अपराधियों को देश से निकालने नहीं देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के वेनेजुएला के अप्रवासियों को देश से निकालने के फैसले पर रोक लगा दी है। कई अप्रवासी अभी टेक्सास की एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन 1798 के 'एलियन एनिमीज एक्ट' के जरिए उन्हें जल्द से जल्द देश से बाहर भेजना चाहता था।

ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने जो तरीका अपनाया, जैसे कि 24 घंटे में बिना सुनवाई को अप्रवासी को देश से बाहर भेज देना, यह कहीं से सही नहीं है। एलियन एनिमीज एक्ट युद्ध के समय का बनाया हुआ कानून है जिसमें दुश्मनों को देश से निकालने के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करनी होती है। हालांकि अमेरिकी संविधान के कुछ प्रावधान के जरिए इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने सुनवाई से इन्कार किया था, अब वही फैसला देगी इस फैसले का मतलब है कि प्रवासियों को यह जानने और अदालत में चुनौती देने का



■ सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा

अधिकार है कि उन्हें क्यों निकाला जा रहा है। हालांकि यह फैसला अभी अस्थाई है और इस पर पूरी कानूनी लड़ाई अभी बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामला एक निचली अदालत (फिफ्थ सर्किट कोर्ट) को वापस भेज दिया है ताकि वहां इसे और अच्छे से सुना जा सके। यह वहीं अदालत ने जिसने अप्रैल में इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था। अदालत के फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा-सुप्रीम कोर्ट हमें अपराधियों को देश से बाहर निकालने की इजाजत नहीं देगा। ट्रम्प दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही देश में अवैध तौर पर रह रहे लोगों को निकालने में जुटे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए मार्च 2025 में वेनेजुएला के लगभग 137 अप्रवासियों को अल सल्वाडोर भेज दिया था। ट्रम्प का आरोप था कि ये अपराधी हैं और कुख्यात गिरोड 'ट्रेन डे अरागुआ' से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन प्रवासियों में से कई के खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं थे और इन्हें बिना उचिता कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में ले लिया गया था। अल सल्वाडोर में इन अप्रवासियों को दुनिया की सबसे खतरनाक मानी जाने वाली सीकोट जेल में भेज दिया गया।

### ट्रम्प फिर पलटे, कहाः भारत-पाक न्यूक्लियर वॉर मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रो. कने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि वे परमाणु जंग के बहुत करीब पहुंच गए थे। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गए थे। अगला कदम क्या होता, आप जानते हैं, 'छ वर्ड'। यानी न्यूक्लियर वार। विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें

■ अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहाः मुझे इसका क्रेडिट नहीं मिला, 7 दिन में छह बार सीजफायर पर बयान दिए

इसका क्रेडिट नहीं मिला। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं। मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा से भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। एसएसबी सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि बिना वैध कागजात के भारत में प्रवेश करने के कारण एक कनाडाई नागरिक को रक्सौल सीमा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पंजाब के कपूरथला का निवासी है, जो वर्तमान में कनाडा का नागरिक है। एसएसबी टीम ने पूछताछ के बाद हरप्रीत को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पता चला है कि हरप्रीत 2023 में भारत आया था और उसके वीजा की अवधि 2024 में ही समाप्त हो गई थी। वीजा की अवधि समाप्ति के बाद भी वह भारत में प्रवास करता रहा। सूत्रों ने बताया कि हरप्रीत पिछले दिनों रक्सौल के रास्ते नेपाल और फिर हांगकांग होते हुए कनाडा लौटने के लिए काठमांडू गया था। हरप्रीत ने बताया कि पंजाब में किसी ने उसे यह रास्ता सुझाया था।

### ब्रिक्स ऊर्जा मंत्री सम्मेलन के लिए ऊर्जा मंत्री ब्राज़ील की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल 19 मई को होने वाली ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मनोहर लाल ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ समावेशी और सतत वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सशक्त बनाने के विषय के अंतर्गत ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में भारत पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा, जिसमें बिजली क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन में नेतृत्व, साथ ही ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास शामिल हैं। देश ऊर्जा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने और ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा।

### पोप लियो 14वें के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल वेटिकन सिटी में 18 मई को होने वाले पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा। इसमे राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यंथुंगो पैटन शामिल हैं। यहां जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण वैश्विक धार्मिक आयोजन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी अंतर-धार्मिक जुड़ाव, समुदायों के बीच परस्पर सम्मान और होली सी के साथ कूटनीतिक जुड़ाव के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### बंधकों की रिहाई के लिए एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू

# गाजा पर इजरायली हमले जारी, तीन दिन में 250 मरे

**गाजा।** इजरायली सेना ने हमास को हराने और अपने बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में एक बड़ा मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। इस आपरेशन के तहत इजरायल ने बीते 3 दिन में गाजा पर कई बड़े हमले किए, जिसमें 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सिर्फ बीते 24 घंटे में ही गाजा पट्टी में हमास के 150 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए। इजरायल का कहना है कि वह तब तक अपना अभियान जारी रखेगा, जब तक हमास खत्म नही हो जाता। इजरायल ने गाजा पर कंट्रोल के लिए 5 मई को 'गिदोन चैरियट्स' मिलिट्री आपरेशन की शुरुआत की थी।

इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि



■ 24 घंटे में हमास के 150 ठिकानों पर हमला, गाजा खाली कराने का आपरेशन जारी

उनके पास खाने का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (एफपी) के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में एफपी के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने के बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का ही भोजन बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है। अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगीं। गाजा पट्टी के खान यूनिस में फलस्तीनी लोग भूख के संकट से जूझ रहे हैं। इजरायल ने मार्च में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई पर रोक लगा दी थी। अरब लीग शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं ने गाजा में युद्धविराम की मांग रखी इराक की राजधानी बगदाद में शनिवार को अरब लीग शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस सम्मेलन में शामिल हुए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में नरसंहार को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील की। वहीं यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि हमें अब एक स्थाई युद्धविराम की जरूरत है। हम गाजा की आबादी के बार-बार जबरन विस्थापन को अस्वीकार करते हैं। जबकि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से गाजा में युद्धविराम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की अपील की। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि उनका देश गाजा के रि-डेवलपमेंट के लिए 'अरब फंड' बनाने का समर्थन करता है।

## इजरायल ने यमन के दो बंदरगाहों पर किया हमला

**सना।** इजरायल ने यमन के होदेइदाह और सालिफ पोर्ट पर हवाई हमले किए। इजरायली सेना ने कहा कि इनका इस्तेमाल हथियार लाने और ले जाने के लिए हो रहा था। यमन में हूती समर्थक टीवी चैनल अल मसीराह ने इन हमलों की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायली सेना ने इन दोनों बंदरगाहों पर 30 से ज्यादा बम गिराए। इसमें 1 व्यक्ति की मौत हुई है और 9 घायल हुए। हमले के बाद इजरायल ने कहा है हूती विद्रोही अगर हमले नहीं रोकते तो उनका हाल हमास और हिजबुल्लाह नेताओं जैसा होगा। इजरायल ने पिछले साल मोहम्मद देइफ, याह्या सिनवार और हसन नसरल्लाह की हत्या कर दी थी। इजरायली हमले में होदेइदाह पोर्ट

■ इजरायली विदेश मंत्री बोलेः हमला नहीं रोका, तो हमास जैसा हाल करेंगे

पर मौजूद जहाजों को काफी नुकसान पहुंचा। पीएम नेतन्याहू बोलेः हूती सिर्फ मोहरा, इनके पीछे ईरान इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि हमारे पायलट ने हूती आतंकियों के दो ठिकानों पर सफल हमला किया है। हम हूतियों को और नुकसान पहुंचाएंगे। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि हूतियों के पीछे ईरान हैं। हूती सिर्फ एक मोहरा हैं। उनके पीछे जो ताकत है, जो उन्हें समर्थन देती है और निर्देश देती है, वो ईरान है।

# अमेरिका से भारत पैसा भेजना अब महंगा पड़ेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के लिए अपने घर पैसे भेजना अब और महंगा हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन आउटवर्ड रेमिटेंस यानी अमेरिका से बाहर दूसरे देशों में पैसा भेजने पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बना रहा है। इससे हर साल भारत आने वाले पैसे पर अतिरिक्त 1.6 अरब डॉलर यानी करीब 13.3 हजार करोड़ रुपये टैक्स देना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसके लिए एक बिल लेकर आने वाले हैं।

इसका असर 4 करोड़ से अधिक लोगों पर पड़ेगा। इनमें ग्रीन कार्ड होल्डर और एच1बी वीजा पर अमेरिका में रहने वाले भारतीय शामिल हैं। ट्रम्प का यह कानून उन भारतीयों पर लागू नहीं होगा, जिनके पास अमेरिका की नागरिकता है। भारत में विदेशों से आने वाला पैसा पिछले एक दशक में दो गुना हो गया है। मार्च 2025 में आई आरबीआई की एक रिपोर्ट के मुता. बिक 2010-11 में प्रवासी भारतीयों ने 55.6 अरब डॉलर भारत भेजे थे। 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 118.7 अरब डॉलर हो गया



■ ट्रम्प प्रशासन पांच प्रतिशत टैक्स लगाएगा, हर साल 13 हजार करोड़ रुपये ज्यादा चुकाने होंगे

है। भारत को सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने भेजा है। भारत आने वाले कुल पैसे में इन देशों की हिस्सेदारी आधे से ज्यादा रही। खाड़ी देशों की तुलना में भी इन देशों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। भारत में विदेशों से सबसे ज्यादा पैसा अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों ने भेजा। 2020-21 में भारत आने वाले पैसे में अमेरिका की हिस्सेदारी 23.4 प्रतिशत थी जो 2023-24 में बढ़कर 27.7 प्रतिशत हो गई है।

# भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कियाः शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने एक कार्यक्रम में कहा कि 9 और 10 मई की रात भारत ने पाकिस्तान पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। उन्होंने कहा कि आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें रात 2.30 बजे फोन कर बताया था कि भारत ने नूर खान बेस और बाकी जगहों पर बैलिस्टिक मिसा. इल दागी हैं। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स की आधुनिक टेक्नोलाजी का भी इस्तेमाल किया गया। इससे पहले शरीफ ने भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई थी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार` संसद में टेलीग्राफ अखबार का एक कटआउट दिखाया। इसमें उन्होंने दावा किया कि दुनिया ने



■ पाकिस्तान के पीएम ने कहाः आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें फोन कर बताया था

पाकिस्तानी एयरफोर्स की ताकत का लोहा माना है और उसे 'आसमान का राजा' करार दिया है। इशाक डार ने गर्व से कहा कि ऐसा वे नहीं बल्कि इंटरनेशनल मीडिया कह रहा है। हालांकि उनके इस झूठ की पोल पाकिस्तानी अखबार डान ने खोल दी। अखबार ने इसे फर्जी करार दिया। दरअसल डार ने ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की एक फेक एआई तस्वीर का हवाला देकर पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की थी।

# शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद रूसी ड्रोन हमले में नौ की मौतः यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के पूर्वोत्तर में एक बस पर रूस के ड्रोन हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई।

यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जबकि दोनों पक्षों के नेताओं के बीच संभावित बैठक, युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर सहमति पर चर्चा हुई, लेकिन कोई बड़ी सफलता नहीं मिली और तब से रूस के हवाई हमले जारी हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमला आज सुबह सुमी क्षेत्र के बिलोपि. लिया शहर में हुआ। सुमी के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह ह्रीहोरोव ने बताया कि सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने भी टेलीग्राम पर कहा कि यह सिर्फ एक

■ यह घटना तीन साल में पहली बार दोनों देशों के बीच हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुई

और गोलाबारी नहीं है-यह एक निंदनीय युद्ध अपराध है। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूस ने एक नागरिकों को लक्ष्य बना कर उन पर हमला किया है।

रूस ने अभी तक यूक्रेन के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि उसने एक नागरिक बस पर हमला किया है। हालांकि, रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रक्षा मंत्रालय के एक बयान का हवाला देते हुए लगभग उसी समय रिपोर्ट जारी की कि रूसी सेना ने ड्रोन से सुमी क्षेत्र में यूक्रेनी उपकरण मंचन स्थल पर हमला किया। रूस और यूक्रेन दोनों ने एक-दूसरे पर नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसे दोनों ने नकार दिया है। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस द्वारा साझा की गई एक तस्वीर में एक बुरी तरह क्षतिग्रस्त वैन दिखाई दे रही है, जिसमें यात्री सीटों के दाहिने और ऊपरी हिस्से में बड़े-बड़े छेद हैं। इसकी खिड़कियां और विडशील्ड भी चकनाचूर हो गये हैं। यूक्रेन के अधिकारियों का कहना है कि पिछले 24 घंटों में यूक्रेन में कुल मिलाकर रूसी हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए और 38 से ज़्डादा लोग घायल हुए, जिसमें सुमी में हुआ हमला भी शामिल है। डोनेट्स्क क्षेत्र में दो लोग मारे गए और खार्किव और खेरसॉन क्षेत्रों में एक-एक व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि शुक्रवार की वार्ता युद्ध के शुरुआती हफ्तों के बाद से दोनों पक्षों के बीच पहली आमने-सामने की बैठक थी, लेकिन तुर्की की अध्यक्षता में इस्तांबुल में हुई इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं हुए।

## पुतिन ने अरब लीग के नेताओं को पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में किया आमंत्रित

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में अरब लीग (एलएएस) के नेताओं को आमंत्रित किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस शिखर सम्मेलन में अरब लीग के नेताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहला रूसी-अरब शिखर सम्मेलन है। पुतिन ने अरब लीग के नेताओं और महासि. चव को 15 अक्टूबर को होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने अरब लीग को टेलीग्राम पर कहा कि हम भविष्य में एलएएस के साथ रचनात्मक संवाद विकसित करने और इसके सदस्य देशों के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने का इरादा रखते हैं। इस संदर्भ में, मैं संघ के सभी नेताओं और लीग के महासचिव को 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं।

# किम जोंग उन ने हवाई अभ्यासों की निगरानी की

## उत्तर कोरिया के नेता ने सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों का किया आह्वान



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों को मजबूत करने का आग्रह किया है।

साथ ही कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) द्वारा बड़े पैमाने पर हवाई रक्षा और स्ट्राइक ड्रिल की निगरानी भी की। सरकारी स्वामित्व वाली मीडिया कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट के अनुसार किम ने 15 मई को आयोजित अभ्यास के दौरान गार्ड्स फर्स्ट एयर डिवीजन का निरीक्षण किया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार युद्धाभ्यास को आधु. निक हवाई खतरों-क्रूज मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) सहित-से बचाव में विमान-रोधी बलों और वायु इकाइयों की तत्परता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। अभ्यास में लड़ाकू पायलटों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल बैटरियों, रडार ऑपरेटरों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध इकाइयों सहित सैन्य शाखाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाया गया। अभ्यास में आने वाले खतरों, विशेष रूप से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने वाली क्रूज मिसाइलों और स्वयं-विनाशकारी ड्रोनों का पता लगाने, उन पर नज़र रखने और उन्हें निष्क्रिय करने पर ध्यान कें. द्रित किया गया।

### दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून ने छोड़ी पार्टी

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल ने शनिवार को घोषणा की कि वह आगामी तीन जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले कंजरवेटिव पार्टी 'पीपुल पावर पार्टी' (पीपीपी) से इस्तीफा दे रहे हैं। योल ने पत्रकारों से कहा कि मैं आज पीपुल पावर पार्टी छोड़ रहा हूं। मेरा उन साथियों को नमन है जो मुझ पर भरोसा करते हैं और लंबे समय तक मेरे साथ रहे। उनका मानना है कि पार्टी से अलग होकर वह स्वतंत्र रूप से चुनावी समर्थन जुटा सकते हैं और यही रास्ता उन्हें देश की उदार लोकतंत्र की रक्षा करने में मदद करेगा। योल के खिलाफ हाल ही में कई विवाद सामने आए। इनमें मार्शल लॉ लागू करने की नाकाम कोशिश, महाभियोग प्रक्रिया और राष्ट्रपति पद से स्थाई रूप से हटाया जाना शामिल है। इन घटनाओं के चलते, कई लोगों ने सुझाव दिया कि योल को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए ताकि वे स्विग वोटर्स (जो किसी एक पार्टी से बंधे नहीं होते) को लुभा सकें।

# कोलंबिया में विद्रोही समूहों की लड़ाई 66000 लोगों ने किया पलायन

**बोगोटा।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने शुक्रवार को कहा कि कोलंबिया में विद्रोही समूहों के बीच लड़ाई के कारण 2025 के पहले पांच महीनों में 66000 से अधिक लोगों को अपने घरों से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र मानवतावादी मामलों के समन्वय के कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, देश में जारी हिसा के बीच नया विस्थापन 2024 में विस्थापित लोगों की कुल संख्या में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। ओसीएचए ने कहा कि पिछले वर्ष के अंत तक, 73 लाख से ज्यादा लोग हिसा और संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए थे, जो सूडान और सीरिया के बाद विश्व में तीसरी सबसे बड़ी विस्थापित संख्या है। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके साझेदार फरवरी में जारी किए गए यूएन केंद्रीय आपातकालीन कोष के 38 लाख डॉलर आवंटन के माध्यम से सहायता प्रदान करते हैं, जबकि उद्देश्य कैटाटुम्बो में 56000 से अधिक प्रभावित लोगों की मदद करना है, जहां 2025 में लड़ाई भीषण रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उत्तरी-पूर्वी कैटाटुम्बो क्षेत्र में राष्ट्रीय मुक्ति सेना (ईएलएन) के गुरिल्लाओं द्वारा किए गए हमलों और विस्थापित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (फार्क) के विवादित सदस्यों के साथ झड़पों में 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। मार्च के अंत में, कोलंबियाई सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी विभाग काउका में फार्क विद्रोहियों द्वारा किए गए एक विस्फोटक हमले में एक सैनिक की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मार्च में हिसा की वृद्धि से विभाग में 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईएलएन और फार्क के बीच क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए तीव्र लड़ाई चल रही है। ओसीएचए ने कहा कि मानवीय आवश्यकताओं में तीव्र वृद्धि के बावजूद, सहायता समुदाय की प्रतिक्रिया फंडिंग की कमी के कारण गंभीर रूप से बाधित हुई है। मानवीय साझेदारों ने केवल पहचानी गई आवश्यकताओं का 25 फीसदी ही पूरा किया है, जिससे लाखों लोग सहायता से वंचित रह गए हैं। उल्लेखनीय है कि 34.2 करोड़ डॉलर की कोलम्बिया मानवीय अपील में से केवल 14 प्रतिशत ही पूरा किया गया है।



# पारुल और अनुष्का ने रेड कार्पेट पर मचाया धमाल



**कान्स।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले रेड कार्पेट डेब्यू से धमाल मचा दिया। परूल गुलाटी ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने बहुप्रतीक्षित फिल्म एडिगटन के वर्ल्ड प्रीमियर में हिस्सा लिया, जो प्रसिद्ध निर्देशक एरी एस्टर की नई फिल्म है और जिसमें जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे ग्लोबल सितारे हैं। पारुल ने इस खास मौके पर एक बेहद अनोखा परिधन पहना, जो पूरी तरह इंसानी बालों से बनाया गया था। इस आउटफिट को खुद पारुल ने आइडिया दिया और मशहूर स्टाइलिस्ट मोहित राय और डिज़ाइनर ऋद्धि बंसल ने इसे डिज़ाइन किया। यह लुक पारुल की अपनी हेयर एक्सटेंशन ब्रांड और उनकी एंटरप्रेन्योरशिप को समर्पित एक खास श्रद्धांजलि थी। इस पोशाक को बनाने में 12 कारीगरों की टीम ने एक महीने से ज़्यादा मेहनत की, जिसमें हर एक डिटेल पर बारीकी से काम किया गया। पारुल गुलाटी का यह लुक सिर्फ एक फैशन स्टेटमेंट नहीं था, बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति, पहचान और सिनेमा के प्रति उनके प्यार को दर्शाने वाला एक गहरा व्यक्तिगत इशारा था। पारुल गुलाटी ने कहा, कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल होना मेरा एक सपना रहा है। सिर्फ एक कलाकार के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसी इंसान के रूप में जिसे सिनेमा से बेहद लगाव है। एडिगटन जैसी फिल्म के प्रीमियर में रेड कार्पेट पर चलना किसी सपने जैसा था। एरी एस्टर का काम हमेशा से मुझे प्रभावित करता रहा है और जोकिन फीनिक्स, एमा स्टोन और पेड्रो पास्कल जैसे अदाकारों को एक साथ स्क्रीन पर देखना एक यादगार अनुभव रहा। परूल ने कहा, मैं चाहती थी कि मेरा रेड कार्पेट लुक मेरी पहचान, मेरे सफर और मेरी सोच को दर्शाए।

ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अनुष्का सेन अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली और होनहार अभिनेत्रियों में से एक हैं। कम उम्र में अपनी अभिनय प्रतिभा से लोगों का दिल जीतने वाली अनुष्का ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। ग्लोबल फैन फॉलोइंग और जबरदस्त क्रिएटिव एनर्जी के साथ उन्होंने अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी जर्नी शुरू की और देखते ही देखते भारत की सबसे लोकप्रिय ग्लोबल स्टार्स में शुमार हो गईं। 22 साल की उम्र में अनुष्का सेन ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। इतने कम उम्र में इस आइकॉनिक मंच पर कदम रखना उनकी ग्लोबल पहचान को और मजबूती देता है।

# डाक्टर बनने की थी चाहत



**पंकज ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मुंबई के मशहूर सैंट जेवियर्स कॉलेज से हासिल की। इसके बाद उन्होंने स्नाकोत्तर पढ़ाई करने के लिए दाखिला ले लिया, लेकिन बाद में उनकी रूचि संगीत की ओर हो गई और उन्होंने उस्ताद नवरंग जी से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। पंकज उधास के सिने कैरियर की शुरुआत 1972 में प्रदर्शित फिल्म कामना से हुई।**

**मुंबई।** मखमली आवाज के जादूगर पंकज उधास ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी से करीब चार दशक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन बचपन के दिनों में वह डॉक्टर बनना चाहते थे। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के राजकोट के निकट जेटपुर में जमींदार गुजराती परिवार में हुआ। उनके दादा भावनगर स्टेट के महारा. जा के डिप्टी दीवान थे। इसी वजह से पंकज के पिता केशुभाई उधस अक्सर महाराजा के महल में जाया करते थे। एक बार पंकज के पिता की मुलाकात उस ज़माने के एक मशहूर बीनकार अब्दुल करीम खां से हुई। उन्होंने खां साहब से दलिरुबा बजाना सीखा। काम से लौटने के बाद पंकज के पिता बड़ी तल्लीनता के साथ दलिरुबा बजाया करते थे। उसकी आवाज पंकज को भी खूब भाती थी। हालांकी, संगीत में उनकी कोई रुचि नहीं थी। बचपन में पंकज उधास ने सोचा था कि वह बड़े होकर डॉक्टर बनेंगे। पंकज के पिता ने उनसे कहा कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं तो बेशक बनिए, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप डॉक्टर ही बनें। आप डॉक्टर तभी बनें, जब आपको लगे कि आप डॉक्टर बनना चाहते हैं। पंकज के पिता जान गए थे कि उनके पुत्र का रुझान किस तरफ है। वह जान गए थे कि पंकज का दिन हारमोनियम बजाते या गाना गाते बीतता है। पंकज ने गुलाम कादर खान से 13 साल की उम्र में संगीत सीखना शुरू किया। पंकज के बड़े भाई मनहर उधास अक्सर संगीत से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया करते थे। उन्होंने पंकज उधास को भी अपने साथ शामिल कर लिया। एक बार पकंज को एक संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला जहां उन्होंने-ये मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत गाया। इस गीत को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। उनमें से एक ने पंकज उधास को खुश होकर 51 रुपये दिए। इस बीच पंकज उधास

# मेट गाला डेब्यू मेरे लिए सपने जैसा: कियारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू को सपने जैसा बताया और अपने सभी प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कियारा आडवाणी मेट गाला में अपनी शानदार एंट्री के बाद भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। कियारा ने सोशल एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म लेफ्टी की टॉप की वॉयसेज लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। कियारा का अर्न्ड मीडिया वैल्यू 15.3 मिलियन डॉलर रहा। कियारा इतिहास रचते हुए मेट गाला के रेड कार्पेट पर बेबी बंप के साथ चलने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री भी बन गईं। कियारा ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत वीडियो साझा किया और एक दिल से लिखा मैसेज पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने इस खास पल को और उस प्यार को साझा किया जो उन्हें मिला। दुनिया की सबसे बड़ी फैशन नाइट पर, रिहाना, कार्ली क्लॉस और कई ग्लोबल आइकॉन्स के साथ अपना पहला कदम रखते हुए, कियारा ने इस पल को सपने जैसा बताया और सभी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। कियारा ने लिखा, अब भी सब कुछ महसूस कर रही हूं आपके प्यार, अपनापन और जश्न के लिए दिल से आभार। मेरी मेट गाला की पहली झलक को इतना खास बनाने के लिए ध्न्यवाद। आपके मैसेजेस, चीयर और प्यार मेरे लिए सब कुछ हैं।

# केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू में ट्रेलर आउट

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया है। अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 वकील और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सी. शंकरन नायर के जीवन पर आधरित है, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई के लिए लड़ाई लड़ी थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने सी-शंकरण का किरदार निभाया है, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड की सच्चाई को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। वहीं, आर माध्वन वकील नेविल मैककिनले की भूमिका में हैं जबकि अनन्या पांडे ने वकील दिलरीत गिल का किरदार निभाया है। केसरी चैप्टर 2,18 अप्रैल को हिदी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब यह फिल्म तेलुगू भाषा में रिलीज होने जा रही है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू भाषा में ट्रेलर रिलीज किया। इस ट्रेलर को जारी करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- लोगों ने उन पर गोलियां चलाई, लेकिन उसने डरने के बजाय सच्चाई से जवाब दिया।








